

MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 199 | ग्वालियर,शुक्रवार 29 मार्च 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


न्यूज ट्रैक

## एकनाथ शिंदे की पार्टी में शामिल हुए गोविंदा, मुंबई नॉर्थ वेस्ट से मिलेगा टिकट?

*मशहूर एक्टर गोविंदा ने महाराष्ट्र के सीएम एनकाथ शिंदे से मुलाकात की और शिवसेना में शामिल हो गए. उन्होंने लोकसभा चुनाव का*



*टिकट मिल सकता है. गोविंदा को मुंबई नॉर्थ वेस्ट सीट से टिकट मिल सकता है. गोविंदा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं. सीएम एकनाथ शिंदे ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा कि वो जमीन से जुड़े हुए हैं और सभी लोग पसंद करते हैं. सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, ÷ज़मीन से जुड़े और सभी को पसंद गोविंदा का आज असली शिवसेना में मैं स्वागत करता हूं.÷ वहीं गोविंदा ने कहा, ÷जय महाराष्ट्र...मैं सीएम शिंदे को धन्यवाद देता हूं. 2004-09 तक राजनीति में था. उससे बाहर आने के बाद मुझे नहीं लगा था मैं वापस आऊंगा. लेकिन 2010-24 इस 14 साल के वनवास के बाद वापस से शिंदे जी के रामराज्य में वापस आया हूं.÷*

*सीएम शिंदे ने कहा, ÷गोविंदा की कोई शर्त नहीं है. उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम पसंद आया. उन्हें हमारे साथ काम करना है . उन्हें फ़िल्मि जगत के लिए कुछ करना है. उन्होंने कहा कि मुझे कोई टिकट नहीं चाहिए. उनकी एक अलग पहचान है. वो जहां जाएं हजारों लोग इकट्ठा हो जाते हैं. अब हमारे साथ हैं तो लाखों लोग इकट्ठा होंगे.÷सीएम शिंदे ने ये भी कहा कि राज्य में जिस तरह का काम हुआ है वो सबने देखा है. यह घर पर बैठकर काम करने वाली सरकार नहीं है. रास्ते पर उतरकर काम करने वाली सरकार है. इसलिए हम 48 सीटों को देख रहे हैं, बड़ी संख्या में जीतेंगे.बता दें कि महाराष्ट्र में एनडीए की सीटों में अभी तक सीटों का फाइनल बंटवारा नहीं हो पाया है. हालांकि बीजेपी और अजित पवार ने उम्मीदवारों का एलान किया है. सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी ने अभी तक किसी को टिकट नहीं दिया है. सूत्रों की मानें तो गोविंदा को टिकट मिलना तय है.*

होली की सुबह भस्म आरती में हुआ हादसा

# महाकाल मंदिर अग्निकांड की आज आएगी रिपोर्ट, श्रद्धालुओं को भी मामले के खुलासे का इंतजार

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में होली की सुबह भस्म आरती में हुए हादसे के कारण 14 लोग घायल हो गए थे. गुरुवार (28 मार्च) को जांच दल अपनी रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष पेश करेगा. इसके बाद यह रिपोर्ट शासन के पास भेजी जाएगी. जांच दल की रिपोर्ट का महाकालेश्वर मंदिर के पंडित और पुरोहित ही नहीं बल्कि श्रद्धालुओं को भी इंतजार है.उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर समिति द्वारा करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष खर्च किया जाता है. इसके बावजूद होली की सुबह भस्म आरती के दौरान आगजनी की घटना में 14 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन पुजारी भी शामिल हैं. घायलों का इलाज उज्जैन और इंदौर के अस्पताल में चल रहा है. सभी घायलों की हालत खतरे से



बाहर बताई जा रही है.

**जांच में आला अधिकारी भी हैं शामिल**-इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने दुख जताया था. हादसे के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए. उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को उनके पास जांच रिपोर्ट आ जाएगी. इस रिपोर्ट आने के बाद भविष्य की व्यवस्थाओं को लेकर भी रणनीति तैयार की जाएगी. उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक रिपोर्ट के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जबकि विस्तृत रिपोर्ट के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा. इस जांच दल में जिला पंचायत के सीईओ मृणाल मीना, एडीएम अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है.

**घटना की सीसीटीवी फुटेज किया जब्त** - आगजनी की घटना की जांच करने वाले दल ने 50 से ज्यादा लोगों से बातचीत की. इनमें महाकालेश्वर मंदिर समिति के कर्मचारी, अधिकारी और पंडित-पुरोहित शामिल हैं. इसके अलावा घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज को जब्त किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी. इसी के चलते जांच दल सभी बारीकियां पर ध्यान रख रहा है.

**रोजाना 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आते हैं दर्शन करने**-महाकाल लोक निर्माण के बाद महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है.

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ अरुण यादव को क्यों नहीं मिला टिकट?

राव यादवेन्द्र सिंह को टिकट देने की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी. कहा जा रहा है कि पार्टी ने केवल चर्चा में रहने के लिए अरुण यादव का नाम आगे बढ़ाया था. दअसल में राव यादुवेन्द्र सिंह को ही टिकट मिलना था. अब आईए जानते हैं क्या है पूरी कहानी? दिग्विजय सिंह को लेकर जो बात चल रही है कि उन्होंने अरुण यादव का टिकट कटवाया है, इसकी सच्चाई क्या है?दरअसल अरुण यादव के नाम को लेकर पिछले दिनों खूब चर्चा हुई कि गुना लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे अरुण यादव को कांग्रेस चुनाव ल?वा सकती है. गुना से लेकर दिल्ली तक इस बात की जोर-शोर से चर्चा हुई लेकिन अंतत राव यदुवेन्द्र सिंह को कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के लिए लोकसभा उम्मीदवार बनाया.

**अरुण यादव को क्यों नहीं दिया गया टिकट**-अब मुद्दा उठ रहा है कि आखिरकार ऐसी कौन सी बात थी कि अरुण यादव को टिकट दिया ही नहीं गया. क्या दिग्विजय सिंह इसके पीछे रहे या कोई और वजह है जिसके कारण अरुण यादव को यह टिकट नहीं मिल



पाया?कांग्रेस की राजनीति को नजदीक से देखने वाले ग्वालियर के वरिष्ठ पत्रकार देवश्री माली कहते हैं कि दरअसल अरुण यादव को टिकट मिलना ही नहीं था और यह स्क्रिप्ट पहले से लिखी जा चुकी थी. लेकिन सिर्फ चर्चा में नाम बनाए रखने के लिए यह नाम सबके बीच उछाला गया.वहीं जब अरुण यादव से इस विषय में उन्होंने बात की तो अरुण यादव ने कहा कि गुना से मेरे चुनाव लड़ने या ना लड़ने का फैसला पार्टी का है हालांकि यह बात और है कि वह खुलकर यह नहीं कह पाए की स्क्रिप्ट में उनका नाम कहीं था ही नहीं. यह केवल नाम चर्चा में लाने के लिए बाजार में उछाला गया था.दअसल इसके पीछे हमें जातिगत समीकरणों को देखना जरूरी है. गुना संसदीय क्षेत्र में करीब 2 लाख यादव वोटर हैं और इन्हें साधने के लिए कांग्रेस को यादव समाज को टिकट देना था. ऐसे में यदि पहले ही राव यादुवेन्द्र सिंह का नाम सार्वजनिक कर दिया जाता तो पार्टी के लिए आंतरिक तौर पर परेशानी खड़ी हो सकती थी. ऐसे में मालवा निमाड़ के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का नाम ही इस लिस्ट में शामिल किया गया.लेकिन असल में उन्हें यहां से लड़वाने की कांग्रेस की कोई मंशा नहीं थी. दरअसल ऐसा इसलिए किया गया

## भोपाल में बुजुर्ग महिला को बेरहमी से पीटने की वीडियो वायरल, आरोपी पोता और उसकी पत्नी गिरफ्तार



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से दिल दहला देने वाले वाला वीडियो सामने आया है. एक बुजुर्ग महिला को बेरहमी से पीटने का वीडियो जिसने भी देखा उसके रोंगटे ख? हो गए. रिश्तों को शर्मसार करने वाले इस मामले में बुजुर्ग महिला के साथ उसके पोते और पत्नी ने बेरहमी से मारपीट की. प?ोसियों की ओर से छिपकर बनाई गई वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी पोते और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है.दरअसल, राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. जहां एक बुजुर्ग महिला के साथ उसके पोते और पत्नी ने बेरहमी से मारपीट की.उन्होंने बुजुर्ग महिला को प्रताड़ित भी किया. पति-पत्नि मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए.

**पुलिस ने आरोपियों को दबोचा**-मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी दीपक सेन और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. डीसीपी जोन 1 प्रियंका शुक्ला के मुताबिक, आरोपी का नाम दीपक सेन है और वह ऐशबाग इलाके में एक सैलून चलाता है.आरोपी दीपक को ऐशबाग थाना क्षेत्र की एक धर्मशाला से गिरफ्तार किया गया है. यहां पर आरोपी पति पत्नी बाहर जाने की फिराक में थे.




# बूथ विजय अभियान अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने किया गांव-गांव संपर्क,

## बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखो की ली बैठक

**सिरोंज।**
**अभिषेक कुशवाह**

मंगलवार को देर शाम विधायक उमाकांत शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हैं बूथ विजय संकल्प अभियान अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल देवपुर के मतदान केन्द्र ग्राम जैतपुर, अनूपपुर, रूसल्ला अभयराज, चौपनाकलां, प्यासी आदि मतदान केन्द्रों पर भाजपा के पन्ना प्रभारियों, बूथ समिति एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय विस्तारकों के कार्यों की समीक्षा कर लाभार्थी संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उनसे प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने एवं सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती डॉ लता वानखे? जी को विजयी बनाने हेतु अपील की एवं केन्द्र एवं मध्प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितकारी, जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह दांगी, भाजपा मण्डल देवपुर के मण्डल अध्यक्ष झारसिंह दांगी सहित भाजपा के पदाधिकारियो के उक्त ग्रामों के प्रवासी कार्यकर्ता, स्थानीय विस्तारकगण एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवड़ा पहुंचे माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर इस दौरान भाजपा युवा नेता श्यामू ठाकुर ने श्री तोमर के प्रथम नगर आगमन पर समस्त समाज सेवा टीम के साथ किया स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दतिया।मध्य प्रदेश के माननीय विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जी के प्रथम नगर आगमन समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर के नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष जी का 51 किलो की माला और पुष्प वर्षा कर आतीसबाजी एवं ढोल नगाड़ों से के साथ रामों राम की बगिया संकुआ धाम पर जोरों शोरों के साथ समस्त समाज सेवा टीम के



साथ स्वागत से सम्मान किया इस दौरान श्री श्री 1008 नंदकिशोर शरण जी महाराज भागवत आचार्य पंडित रामकुमार शास्त्री जयेंद्र सिंह सेंगर डॉ नीरज शर्मा राहुल चौरासिया सुनील सिंह राठौड़ कल्याण दास योगी बाबा बबलू चौरसिया जॉनी मूर्तिकार केदार बघेल दीपू शर्मा संदीप रावत गुरु प्रताप सिंह आशु सिंह सुमित चौरसिया सहित आदि लोग उपस्थित रहे

# रंगोली,हस्ताक्षर अभियान एवं रैली के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

*स्वीप गतिविधि के तहत् विभिन्न गतिविधियां हो रही संचालित*

*भिण्ड । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बड़ाने के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही हैं।जिले की महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता जागरूकता रैली, नारी चौपाल, नुक्कड़ सभा के माध्यम से मतदान का महत्व और जानकारी दी जा रही है। साथ ही मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया मे भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले की सभी विधानसभाओं के आंगनबाड़ी स्तर पर जागरूकता रैली, नुक्कड़ सभा एवं चौपाल के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।स्वीप गतिविधियों में अधिक से अधिक मतदान कराने और परिवार के लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करें जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा की समझाईश दी जा रही है। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एव सहायिकाओं द्वारा मतदान को बड़ावा देने के लिए महिला मतदाताओ को अधिक से अधिक मतदान करने प्रेरित किया एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान का महत्व समझाया।*

## लहार में विधायक अम्बरीष शर्मा द्वारा होली मिलन समारोह हुआ आयोजित

# भाजपा कार्यकर्ता सैनिक नही सेनापति जिसने इतिहास रचने का काम किया-नरेंद्र सिंह तोमर








### 33 साल के लगे घावों में मलहम बनकर करूँगा जनता की सेवा,लहार में विकास की कसर नही छोड़ी जाएगी-गुड्डू भैया

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**-होली भाई चारे का त्योहार है अधर्म पर धर्म,अन्याय पर न्याय के विजय का भी त्योहार है।इस अवसर पर में लहार वासियो को अपनी और से बधाइयां व शुभकामनाएं देता हूँ।आज जो समय है वह जाति-पाति,छोटा-बड़ा वर्ग-भेद,क्षेत्रवाद जैसी सकीर्णता को छोड़कर देश को मजबूत करने का काम करने का समय है यह देश और दुनिया जानती है कि 2014 से 2024 के बीच सरकार के समय से भारत देश की इच्छा के बिना विश्व के महाशक्तिशाली देशों के संगठन का एजेंडा बिना भारत के सहमति के तय नही होता है।उक्त उदगार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने लहार विधायक श्री अम्बरीष शर्मा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।इस अवसर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ जिताने के लिए कार्यकर्ता सेतु की तरह लग जाएं। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए है भारतीय जनता पार्टी अपने विचारधारा को लेकर चुनाव के महासमर में आ चुकी है। कार्यकर्ता अपनी पराकाष्ठा के साथ प्रत्येक समाज तक पहुंचकर संपर्क करें। इस चुनाव को कार्यकर्ता स्वयं अपने को प्रत्याशी बनाकर लड़ना है।लहार विधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डू ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा में भाजपा सरकार की जन हितैषी योजनाओं और पार्टी कार्यकताओं के परिश्रम के बल पर भाजपा लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत से जीत कर सरकार बनाएगी।33 वर्षो से लहार में विकास नही हुआ बल्कि तमाम प्रकार की यातनाये उत्पीड़न हुआ अब समय बदलाव का है में लहार का विधायक बनकर नही क्षेत्र की जनता का सेवक बनकर काम करूँगा आने वाले समय मे लहार का सर्वागीण विकास का अध्याय लिखा जाएगा।इस अवसर पर भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है यह मात्र झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर राजनीतिक षड्यंत्र के साथ सत्ता हथियाना का प्रयास करती हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर उनके विकास के लिए कार्य करती है।उन्होंने कहा पूरा भारत उमंग उत्साह के साथ नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों के बीच पहुंचकर और युवाओं महिलाओं किसानों एवं सर्व समाज के लोगों के बीच जाकर भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प लें चुका है निश्चित ही तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।आप केवल मेरे कार्यकर्ता नहीं आप मेरे परिवार के सदस्य हैआपका हर सपना मेरा संकल्प है और जीवन की आखिरी सांस तक आपका विकास,प्रगति,रखवाली मेरी जिम्मे रहेगी।कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत परिश्रम से भिण्ड दतिया लोकसभा निर्वाचन में कमल का फूल खिलाकर पार्टी के 400 सीट के लक्ष्य को पूरा करना है।उन्होंने कहा कि मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मुझे प्रत्याशी आपकी जन सेवा के लिए बनाकर भेजा है।मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि आपके क्षेत्र के विकास में हमेशा जनता के साथ रहूँगी।मेरे देवतुल्य कार्यकर्ता एवं जनता की जन सहयोग से तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूत करने के लिए आप सभी का सहयोग अति आवश्यक है।इस अवसर पर भाजपा के संभागीय लोकसभा प्रभारी श्री विजय दुबे,भिंड विधायक श्री नरेंद्र सिंह कुशवाह,खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री कोक सिंह नरवरिया,श्री रामकुमार महाते,रामप्रकाश तिवारी,श्री दिनेश शुक्ला,श्री हिर्देश सिंह राजावत,जिला पंचायत उपाध्यक्ष नन्दराम बघेल,संतोष बोहरे,नवल मिश्रा, रणविजय सिंह रिंकू,मण्डल अध्यक्ष सुभाष अग्निहोत्री,अंजनी कुरचानिया केदार राजावत,विकास विरथरे,दीपक राजावत,विकास बोहरे,एड.मण्डल महामंत्री बाबूलाल टैगोर,संजीव चौधरी ठेकेदार,संजीव नायक एड.,मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह बघेल,रणवीर राठोर,संजीव चौधरी,रामकुमार राठोर, विनोद पखरिया,अमित तिवारी छोटू,अरफाज खान आदि सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट करना अनिवार्य :प्रो. कंसाना

**अम्बाह** - भारत देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखना, स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने हम सबको निर्भीक होकर धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष मतदान करना चाहिए। साथ ही हमें अपने आस पड़ोस परिवेश के लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करना होगा।उक्त उद्बोधन अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन एस एस सात दिवसीय विशेष शिविर में जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रो हरिशंकर कंसाना ने मुख्य अतिथि के रूप में स्वयंसेवकों के समक्ष दिया। उन्होंने शिविरार्थियों को मतदान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ शशिवल्लभ शर्मा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।जीवाजी विश्वविद्यालय के रासेयो




प्रकोष्ठ के कार्यालय प्रमुख आकाश अस्थाना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रक्षा कम्ठान ने किया तथा शिविर की दिनचर्या एवं गतिविधियों की समस्त जानकारी दी । मंचासीन अतिथियों को डॉ पंकज भदौरिया द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किया गये।ज्ञात हो कि पी.जी कॉलेज अंबाह का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर 27 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक ग्राम बड़ी तौर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का औपचारिक उद्घाटन 27 मार्च को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विश्वास मेढेकर द्वारा किया गया था। शिविर में शिविरार्थियों द्वारा सात दिनों तक जन स्वास्थ्य तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य जागरण थीम पर कार्य करेंगे । साथ-साथ लोकतंत्र का शत प्रतिशत मतदान हो,इसके लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूर्णिमा अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में शिविरार्थियों में कुसुम, स्वाती तोमर सौम्या शर्मा, पिंकी, खुशी, चेतन, चंद्रशेखर, श्रेया अग्रवाल ,अरुण, जीत सिंह, अनुज दल नायक के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब का परिवहन करने वाले आरोपीयो के विरूद्ध बडी कार्यवाही




खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

### अवैध शराब का परिवहन करते 01 आरोपी गिरफ्तार

### 64 लीटर कच्ची महुआ हाथ भट्टी की अवैध शराब कीमत लगभग 9600/- रुपये जप्त

### अवैध शराब का परिवहन मे उपयोग की गई मोटरसाइकल कीमत लगभग 50,000/- रुपये भी जप्त

आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीणा व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना बरुड पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 28.03.2024 को थाना बरुड पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, देवली कुम्हार खेडा कच्चा मार्ग जांजलिया भिलट देव मंदिर के पास मे कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब भारी मात्रा मे बेचने हेतु एक व्यक्ति मोटर सायकल से आ रहा है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को मुखबिर की सुचना से अवगत कराया व पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर भेजा तथा आने वाली मोटर सायकल को चेक करने हेतु लगाया । थोड़ी देर बाद मुखबिर के बताए हुलिये का एक व्यक्ति मोटर सायकल लेकर आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोका गया एवं मोटर सायकल पर बधी हुयी दो केन को चेक करते हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब होना पायी गई । पुलिस टीम के द्वारा मौंके पर अवैध शराब के परिवहन मे उपयोग की गई मोटर सायकल किमती 50,000/- रुपये एवं अवैध शराब 64 लीटर किमती 9600 रुपये कुल मश्रुका 59600 रुपये को जप्त किया गया ।

उक्त कृत्य पर से आरोपी कुंजीलाल पिता तोताराम कोली उम्र 40 वर्ष निवासी कुम्हारखेडा के विरुद्ध थाना बरुड पर अपराध 63 /24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

# नगर पालिका खरगोन ने राजस्व वसूली में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल व्दारा मध्यप्रदेष की समस्त नगर निगम/नगर पालिका/नगर परिषद के लिए समस्त प्रकार के कर संग्रहण जैसे- सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, एवं अन्य करों के संग्रहण अंतर्गत एक मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। यह समिति समस्त नगरीय निकायों व्दारा की जा रही वसूली की समय-समय पर समीक्षा करती है।वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत प्रदेश के नगरीय निकायों को कर संग्रहण हेतु प्रोत्साहन अनुदान स्वीकृत करने के संबंध में गठित मूल्यांकन समिति के द्वारा की गई अनुशंसा पर प्रशासकीय अनुमोदन उपरांत नगर पालिका परिषद, खरगोन को प्रथम स्थान प्रदान करते हुए 7.30 लाख रुपये का भुगतान स्वीकृत किया गया है।




वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत नगर पालिका खरगोन में कुल 35855 सम्पत्तियॉं दर्ज होकर राषि रूपये 04 करोड़ 12 लाख 66 हजार 385 रुपये की डिमांड में से 03 करोड़ 92 लाख 03 हजार 65 रुपये की वसूली करते हुए 95 प्रतिशत वसूली की गई है। इस प्रकार प्रदेश की अन्य नगर निगम, नगरपालिका, नगर परिषदों की अपेक्षा सबसे अधिक वसूली कर नगर पालिका खरगोन ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा की गई घोषणा उपरांत नगर पालिका खरगोन में कार्यरत समस्त वसूलीकर्ताओं को इसका श्रेय प्रदान करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एम.आर.निगवाल व्दारा सभी का स्वागत सम्मान करते हुए यह कहा गया कि हम यह जानते है कि, राजस्व वसूली में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह उपलब्धि हम सब आपकी मेहनत और परिश्रम का फल है। साथ ही यह भी कहा कि इसी प्रकार आगे भी मेहनत करते रहें जिससे कि आप और हम सभी का नाम प्रदेश ही नहीं देश में गौरवांन्वित होगा।

# विश्व युद्ध हो जाएगा अगर तेज नशे में किसी भी देश का जिम्मेदार बटन दबा दिया तो सोचो क्या हाल होगा-सन्त उमाकान्त जी महाराज

### खराब समय चारों तरफ से आ रहा, भक्त प्रहलाद की तरह भक्ति की शक्ति से लोगों को बचाने की जरूरत है



उज्जैन (म. प्र)पूरे समर्थ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि प्रेमियो ! करनी और कथनी में फर्क नहीं होना चाहिए। आप करके देखो, आपकी बातों का बहुत असर पड़ेगा। लोगों को समझने, बताने का अभी कुछ समय है। आप अगर नहीं बता पाओगे तो जिसका देश, दुनिया है, जिसने यह परिवर्तनशील संसार बना दिया है, वह परिवर्तन करेगा, समझाएगा। लोग समझाने बताने से शाकाहारी नशामुक्त नहीं बने तो विकराल रूप लेगा जब लोग समझाने से नहीं मानेंगे तब वह अपना विकराल रूप लेगा। रावण को, राक्षसों को, कौरवों को थप्पड़ मार करके राम-कृष्ण ने समझाया था। तो उसमें बहुत लोग (दुनिया से) चले जाएंगे। थोड़ा ही समय है। धीरे-धीरे समय और खराब आता जा रहा है। आपके लिए भी ये खराब समय आएगा। कोई भी खराब समय आता तो सबके लिए आता है। कमजोर पर असर ज्यादा आता है। बड़ा ही खराब माहौल बनता चला जा रहा है। कब कहां क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

## दो आदतन अपराधियों को किया गया जिला बदर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दो आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत जिला बदर के आदेश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन दोनों आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने रामराज केवट उर्फ श्यामलाल पिता बृजवाशी केवट आयु 24 वर्ष निवासी पहि?या थाना रायपुर कर्चुलियान तथा बृजेश साकेत उर्फ बीके पिता लाला साकेत निवासी नौवस्ता थाना चोरहटा को जिला बदर के आदेश दिए हैं।

### रीवा में सूदखोरों पर पुलिस मेहरबान, तेजी से फल फूल रहा सूदखोरी का धंधा

# जिले के चोरहटा में फैला है सूदखोरों के गोरखधंधे का मकड़जाल, कई जिंदगियां और परिवार हो रहे बर्बाद







**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।जिले के वार्ड 04 चोरहटा में सूदखोरी का धंधा वर्षो से चला आ रहा है। कभी बड़े-बड़े सेठ, महाजन, साहूकार और प्रतिष्ठित लोग इस धंधे में शामिल थे जो जरूरतमंदों को ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे। लेकिन धीरे-धीरे अब इस धंधे ने एक बड़ा रूप ले लिया है और छोटे-मोटे कई लोग इसमें शामिल हो गए, जो कर्जदारों के लिए अभिशाप बनते जा रहे हैं। इसकी काली छाया में कई जिंदगियां अपना सबकुछ गंवाने के बाद दम तोड़ती नजर आ रही हैं।

**बढ़ता जा रहा काला कारोबार बगैर रजिस्ट्रेशन के गोरखधंधा-** जरूरतमंदों और खेती किसानी करने वाले लोगों को ब्याज पर रुपये बांटने वाले सेठ, साहूकार, महाजन और गांव के कुछ प्रतिष्ठित लोग ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे और इसकी एवज में 2त्न से लेकर 10 परसेंट तक मंथली ब्याज वसूला करते थे। समय पर ब्याज ना मिल पाने की एवज में यह चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिवर्तित हो जाता था। जिसके बोझ तले बहुत से कर्जदार दब जाते थे और अंत में सूदखोरों द्वारा उनकी जमीने, प्रॉपर्टी अपने नाम कराने के बाद पीड़ति कर्जदार के हाथ कुछ नहीं बचता था। और अंत में उन्हें अपनी जीवन लीला ही समाप्त करनी पड़ती थी। ऐसे कई मामले पहले भी सामने आते थे, लेकिन अब धीरे-धीरे सूदखोरी के इस काले धंधे ने एक बड़ा रूप ले लिया है

हालांकि कुछ लोग रजिस्ट्रेशन के आधार पर इस धंधे में शामिल हैं। लेकिन सिस्टम से काम करने वाले इक्के दुक्के ही हैं। बहुत से ऐसे लोगों ने भी इस धंधे में पांव जमा रखा है, जिनका ना तो कोई रजिस्ट्रेशन है और ना ही कोई ऑथेंटिक कारोबार। बावजूद इसके यह इस गोरख धंधे में शामिल हैं और कई जिंदगियों को बर्बाद कर अपना कारोबार बढ़ा रहे हैं। इन लोगों ने वसूली के लिए आदमी भी रखे हुए हैं।

**पुलिस नही करती कोई कार्यवाही-** चोरहटा थाना के नए थाना प्रभारी 5....6 महीने में ही काफी सुर्खियां बटोर रहे है, और जिस पर थाना प्रभारी की मेहरबानी हो, तो बाकी पुलिस अधिकारी उसका क्या करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरहटा थाने का हाल बेहाल है, जबसे नए थाना प्रभारी का आगमन हुआ है, थाने का कोई भी स्टाप थाना प्रभारी के काम से खुश नही है, थाने का कोई भी स्टाप गलत पाए जाने पर भी आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं कर सकता, क्युकी थाना प्रभारी मिलते ही उस आरोपी पर मेहरबान हो जाते है, और बाकी पुलिस अधिकारियों को कार्यवाही करने से मना कर देते है। और यही हाल है सूदखोरो से पीड़ितों का थाने जाते है,आवेदन देते है लेकिन पुलिस द्वारा उनपर कोई भी कार्यवाही नहीं की जाती।

आखिर कब तक ये सूदखोर लोगो को लूटते रहेंगे, बड़े अधिकारी भी मौन है, पुलिस अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है,इससे तो यही प्रतीत होता है कि प्रशासन इंतजार में है, कि जब कोई परिवार आत्मघाती कदम उठाए ,तब सूदखोरी पर ध्यान दिया जाए।

## अंकसूची के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क करें

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि कई विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंकसूची प्राप्त न होने से छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र लंबित हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सभी विद्यार्थियों को तीन दिवस में अंकसूची उपलतब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है तथा अंकसूची उपलब्ध न होने से उनका आवेदन लंबित है। ऐसे सभी विद्यार्थी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव से संपर्क कर अपनी अंकसूची प्राप्त करें। अंकसूची अपने कालेज के प्राचार्य के माध्यम से नोडल प्राचार्य को उपलब्ध कराएं जिससे छात्रवृत्ति के आवेदन का सत्यापन कर भुगतान किया जा सके।

## छात्रवृत्ति के सभी प्रकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निराकृत करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )** ।कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है। किसी की लापरवाही से यदि विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह गया तो दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। हर पात्र विद्यार्थी से समय पर आवेदन दर्ज कराकर उसे छात्रवृत्ति का लाभ देना हम सबकी जिम्मेदारी है। छात्रवृत्ति के आवेदन के सत्यापन तथा भुगतान के सभी प्रकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। जिन शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने पात्र विद्यार्थियों के आवेदन नहीं कराए हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ावर्ग के प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का लाभ अनिवार्य रूप से दें। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कई नोडल अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची जारी नहीं की गई है। अंकसूची के अभाव में छात्रवृत्ति के आवेदन अपडेट नहीं हो




पा रहे हैं। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव तीन दिवस में सभी विद्यार्थियों को अंकसूची उपलब्ध कराएं। अंकसूची के अभाव में यदि छात्रवृत्ति का 31 मार्च तक भुगतान नहीं होता है तो कुलसचिव के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। छात्रवृत्ति का भुगतान विश्वविद्यालय को करना होगा। कमिश्नर ने टीआरएस कालेज रीवा में छात्रवृत्ति के 109 आवेदन लंबित रहने पर प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाई।बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि छात्रवृत्ति के सभी नोडल अधिकारी लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल सत्यापन कर दें। आवेदन पत्र दर्ज कराने में देरी करने वाले प्राचार्यों पर कार्यवाही प्रस्तावित करें। प्रभारी जिला संयोजक सभी स्वीकृत आवेदनों में तत्काल राशि जारी करा दें। सहायक संचालक पिछड़ावर्ग भी लंबित आवेदनों की शिक्षण संस्थावार सूची बनाकर उनका सत्यापन कराकर भुगतान कराएं। बैठक में बताया गया कि रीवा जिले में स्कूल शिक्षा विभाग में 14 हजार से अधिक विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है। पिछड़ावर्ग छात्रवृत्ति के लिए 7218 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है जिसमे से 4417 को मंजूर कर दिया गया है। संकुल प्राचार्यों द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन करके भुगतान किया जा रहा है। बैठक में कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी जिला संयोजक तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, प्राचार्य टीआरएस कालेज अर्पिता अवस्थी, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय विभा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, उपायुक्त डीएस सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

13 मई को खरगोन जिले में रहेगा सामान्य अवकाश

लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों में मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार), द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार), तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। लोकसभा प्रतिनिधि के निर्वाचन के लिए चतुर्थ चरण में 13 मई 2024 को खरगोन जिले में मतदान कराया जायेगा। खरगोन जिले में 13 मई को सामान्य अवकाश रहेगा।

# शराब तस्करी करने वाले एक आरोपी को मय 8 पेटी शराब सहित किया गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद । आगामी लोक सभा चुनाव 2024 को द्रष्टिगत रखते हुये चुनाव को निर्विघ्न व निष्पक्ष रुप से संपन्न कराने हेतू श्रीमान पुलिस अधीक्षक डाँ. असित यादव तथा संजीव पाठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंव एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के मार्ग दर्शन में गोहद चोराहा पुलिस को 8 पेटी शराव मय एक मो.सा के एक आरोपी को पकडने मे मिली सफलता एंव एक आरोपी फरार ।यह है,कि दिनांक 27/03/24 को कस्बा भ्रमण दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुये कि पिपाहडी हेड नहर पर दो व्यक्ति एक मोटर साईकिल पर शराव लेकर राय की पाली तरफ जा रहे है मुखविर के बताये स्थान पर पहुँचे




तो दो लडके मोटर साईकिल पर जाते दिखे जिन्हे मय फोर्स के द्वारा घेर कर पकडा तो मोटर साईकिल पर पीछे बैठा एक व्यक्ति मोटर साईकिल से कूद कर भाग गया। मोटर साईकिल चला रहा व्यक्ति को घेर कर पकडा तो प्लास्टिक की पल्ली में बंधी शराव की पेटियो को खोलकर चैक किया तो पाँच पेटी देशी प्लेन मदिरा व तीन पेटी देशी लाल मशाला की कुल 400 क्वाटर व 72 लीटर शराव कुल कीमती 30000 रुपये मय एक मोटर साईकिल जिसकी कीमत 20000 रु कुल मशरुखा 50 हजार रु. के आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जो न्यायालय पेश किया जावेगा।

**सराहनीय कार्य-** निरीक्षक बृजेन्द्र सिह सेंगर,उपनिरीक्षक रामनिवास गुर्जर,प्रधान आरक्षक शिवराम तोमर,आरक्षक सतीश,भानूप्रताप सिंह, सर्वेश, तिलक,राघव बघेल,बृजेश शर्मा, आरक्षक चालक मान सिंह सिकरवार की सराहनीय भुमिका रही है।

## उत्साह उमंग के साथ मनाया रंगो का पर्व होली

### होली की उमंग से सरोबार रहा आईलापुर

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



**हैदराबाद:**सीरवी समाज ट्रस्ट आईलापुर आईमाता मंदिर प्रांगण में होली की पूर्व संध्या पर रविवार को शाम 11ः15 बजे शुभ मुहूर्त में होली का दहन का आयोजन हुआ ! होली दहन में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गैर मंडल ने चंग की थाप पर हाथो में रंग बिरंगी छतरिया लिए गैर नृत्य किया। महिला मंडल द्वारा पुरानी पारम्परिक लूर नृत्य का आनन्द लिया। सोमवार को सुबह माँ आईजी की प्रांत आरती के बाद बहुत ही जोरदार हर्षोल्लास के साथ ढूँढ महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें 18 बच्चों की ढूंढ किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने फूलो की होली खेली और गैर मंडली द्वारा चंग की थाप पर जोरदार गैर नृत्य किया महिला मंडल द्वारा फागण के गीत व नृत्य का खुब आणन्द लिया और सभी के चेहरों पर खुशी से उत्साहित लग रहे थे। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष कन्यालाल बर्फा, उपाध्यक्ष राकेश चोयल, कुनाराम सोलंकी, सचिव मोहनलाल भायल, सह-सचिव बाबुलाल मुलेवा, कोषाध्यक्ष मलाराम सोलंकी एवं महिला मंडल गेर मंडल सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे ।

# जनता के भरोसे को मैं जीवन भर टूटने नहीं दूंगी :नीलम मिश्रा

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने आज विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि रीवा की जनता पिछले 10 सालों से केवल घोषणा ही सुनती चली आ रही है। घोषणा के परिपालन में काम कहीं नहीं दिख रहा है। जगह-जगह लोग जानकारियां देते हैं कि केवल आश्वासन देते देते 10 साल सांसद ने बिता दिए, काम कुछ नहीं हुआ है। इन्होंने बताया कि कई जगह जनसंवाद के दौरान लोगों ने मुझसे स्पष्ट रूप से कहा कि हमें ऐसा सांसद नहीं चाहिए जो रीवा का विकास करने के बजाय मीडिया में बने रहने के लिए टॉयलेट साफ करे।



इन्होंने कहा कि जनता काफी जागरूक और समझदार हो चुकी है, किसी के लटके झटके में आने वाली नहीं। जिस तरह से उत्साहित लोग कांग्रेस के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं उससे अभी से ही यह लगने लगा है कि जनता को सिर्फ कांग्रेस पर भरोसा है। मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगी।आज के जनसंपर्क कार्यक्रम में साथ चल रही पूर्व विधायक विद्यावती पटेल ने कहा कि रीवा के इतिहास में पहली बार किसी बड़े दल ने किसी महिला पर भरोसा जताया है। यह भरोसा कांग्रेस की ओर से आया है और कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण की बात की है। कांग्रेस की रीति और नीति यही रही है कि जो कहा जाए उसे पूरा किया जाए। नीलम मिश्रा भी उसी का उदाहरण है और उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। इसलिए हम सबको एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करते हुए समर्थन देना है। श्री मती मिश्र ने खैरा , मानिकवार समेत कई गांवो का भ्रमण किया एवं लोगों से मुलाकात कर जन समस्याओं की जानकारी भी ली। इस दौरान क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**चारों ओर भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार , जहां देखो भ्रष्टाचार:**अभय मिश्रकांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा के समर्थन में जनसंपर्क करते हुए सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने भाजपा को जमकर आड़े हाथों लिया। इन्होंने कहा कि नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार, अब इनकी सबकी पोल खुल चुकी है। पूरे रीवा जिले की जनता सब कुछ जान चुकी है, भाजपा के लोग जनता का भरोसा खो चुके हैं। ग्रामीण इलाके के जनसंपर्क अभियान के दौरान जिस तरह से लोग जुड़ रहे हैं वह इस बात का प्रतीक है कि सांसद के पिछले 10 साल के कार्यकाल से वह ऊब चुके हैं। इस बीच उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि सांसद जी यहां कब आए थे, जवाब में न मिला। इस पर तंज कसते हुए अभय मिश्रा ने कहा कि वक्त आ गया है ऐसे नेताओं को जवाब देने का, जिनके पास आपके लिए टाइम न हो उनके लिए आप भी अपना दरवाजा बंद कर लीजिए। आटा दाल का भाव पता लग जाएगा। इन्होंने उपस्थित जन समुदाय से आग्रह किया कि कांग्रेस को वह अपना भरपूर समर्थन दें, ताकि क्षेत्र भ्रष्टाचार से मुक्त हो सके और गांव-गांव विकास की कड़ी से जुड़ सके। इस दौरान श्री मिश्र ने चोरगडी, रामनई, जिउला, कोष्टा समेत कई गांवों में जनसमपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

## (विशेष अपील)

### सायबर ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति मो.न.-6371313445 से रहे सावधान

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** दिनांक 27.3.2024 को ग्राम पंचायत रमपुरवा सरपंच वंशगोपाल पटेल के व्दारा थाना हाजिर आकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि दोपहर तीन बजे मोबाइल नंबर 6371313445 (अज्ञात व्यक्ति फ्राड नंबर) से अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसने बताया कि मैं टीआई गढ़ बोल रहा हूं मुझे पच्चीस हजार रूपये दे दो सरपंच वंशगोपाल पटेल व्दारा बिना कुछ सोचे समझे दस हजार रूपये अज्ञात व्यक्ति के बताये गये खाता में ट्रांसफर कर दिया गया इसके अतिरिक्त भी मनगंवा अनुभाग के कुछ व्यक्तियों व्दारा बताया गया कि हमें भी टीआई गढ़ के नाम से कोई फर्जी काल करके पैसे की मांग कर रहा है जो संबंधित पीडित व्यक्ति व्दारा शिकायत करने पर सायबर पुलिस व्दारा जांच की जा रही है। तकनीकि माध्यम से पता करने पर उक्त नंबर राजस्थान (मेवातियों का



अड्डा) जगह का होना पाया गया है। जो एक सायबर ठगी करने वाले गिरोह का नंबर है। जिस पर विधिवत कार्यवाही जारी है।मैं टीआई गढ़ विकास कपीस थाना गढ क्षेत्र के सभी जन मानस से अपील करता हूं कि इस तरह का किसी भी व्यक्ति के पास फोन आता है जो टीआई गढ़ बताकर पैसों की मांग

करता है तो आप सचेत हो जायें तथा कोई भी पैसा बताये गये नंबर पर ट्रांसफर नही करेगें क्योंकि यह एक सायबर फ्राड है जो क्षेत्र में लगातार ग्राम सरपंच/सचिव एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के पास फोन लगाकर टीआई गढ़ का नाम बताकर उनसे पैसों की मांग करता है कृपया सभी लोग सावधान रहें।

## सम्पादकीय

### विवादित नेताओं की फिर कटी टिकट

भाजपा में विवादित नेताओं की टिकट कटने का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पहली सूची में कई विवादित नेताओं को बेटिकट किया है। अक्सर अपने बयानों से विवादों में रही भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है तो संसद के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर विवादित बयान देने वाले रमेश विधूड़ी को भी टिकट नहीं मिली। यह सिलसिला दूसरी सूची में भी जारी रही। भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक के दो ऐसे सांसदों की टिकट काटी है, जो पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी कारण से विवादों में घिरे रहे थे और उनकी वजह से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा ने इस बार कर्नाटक से अपने सांसद प्रताप सिम्हा की टिकट काट दी। पिछले दिनों वे इस बात को लेकर विवाद में आए थे कि उनकी सिफारिश पर कुछ लोगों का सांसद का पास बना था, जिन्होंने संसद भवन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। दो लोगों ने तो संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर छलांग लगा दी थी और धुआं छोड़ा था। बाद में इनको गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि इस सिलसिले में प्रताप सिम्हा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीत कर संविधान बदलने का बयान देने वाले भाजपा सांसद अनंद हेगड़े की टिकट भी कट गई है। उनके इस बयान पर भाजपा ने बहुत नाराजगी जताई थी और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

## 'निर्दोष हूं' साबित करने में सत्येंद्र जैन पूरी तरह फेल, आप नेता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने क्या-क्या कहा?

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** आप नेता और दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन 9 महीने बाद सोमवार को एक फिर से तिहाड़ जेल पहुंच गए। वह मेडिकल आधार पर अभी तक अंतरिम जमानत पर बाहर थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका को खारिज करते हुए तुरंत सरेंडर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने साथ में यह भी कहा कि ईडी द्वारा इकट्ठा किए गए पर्याप्त सबूत दशार्ते हैं कि दो सहयोगी के साथ वह कथित अपराध के लिए पहली नजर में दोषी हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने अंतरिम जमानत पर बाहर चल रहे सत्येंद्र जैन को तुरंत सरेंडर करने को कहा था। पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आवेदक (सत्येन्द्र जैन) ने कैश के बदले आवास प्रविष्टियों के विचार की कल्पना की थी और कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों के माध्यम से चार कंपनियों के बैंक खाते में कुल 4.81 करोड़ रुपये प्राप्त किए। आगे कहा कि आप नेता के सहयोगी अंकुश जैन और वैभव जैन ने इनकम डिस्कोजर स्कीम (आईडीएस) के तहत झूठी घोषणाएं करके उनकी सहायता की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की समग्रता को ध्यान में रखते हुए हमारी राय है कि अपीलकर्ता हमें संतुष्ट करने में बुरी तरह फेल रहे हैं, जिससे माना जाए कि वे कथित अपराधों के लिए दोषी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि ईडी द्वारा यह दिखाने के लिए पर्याप्त सामग्री एकत्र की गई है कि वे कथित अपराधों के लिए प्रथम दृष्टया दोषी हैं।

# भाजपा के दक्कन अभियान की चुनौतियां

आमतौर पर भाजपा के दक्कन के अभियान को राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। चूंकि भाजपा ने ऐसे राजनीतिक दांव चले हैं कि उनसे नजर नहीं हटती है और सारी व्याख्या उसी के ईर्द गिर्द घूमने लगती है। भाजपा ने कर्नाटक में, जहां उसकी अपनी जमीन मजबूत है वहां राज्य की एकमात्र प्रादेशिक पार्टी जेडीएस से तालमेल कर लिया। भाजपा लिंगायत तो जेडीएस वोक्कालिगा वोट की राजनीति करती है। इसी तरह आंध्र प्रदेश में, जहां वह एक फीसदी वोट की पार्टी है वहां उसने तेलुगू देशम पार्टी और जन सेना पार्टी से तालमेल कर लिया।

-अजीत द्विवेदी-

भौगोलिक रूप से हिमालय की चढ़ाई मुश्किल मानी जाती है लेकिन राजनीतिक रूप से उत्तर भारत की पार्टियों और शासकों के लिए दक्कन का अभियान हमेशा मुश्किल रहा है। मध्य काल में मुगल शासकों के लिए भी दक्कन की चुनौती हमेशा रही तो अंग्रेज, पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी सबने भारत का अपना अभियान दक्कन से शुरू किया लेकिन किसी का साम्राज्य दक्कन में ज्यादा फला-फूला नहीं। सबसे सफल औपनिवेशिक ताकत यानी ब्रिटिश राज भी गंगा के मैदानी इलाकों में ही समृद्ध हुआ। सतपुड़ा के घने जंगलों और विंध्य पर्वत के दक्षिण में उनको भी नाकों चने चबाने पड़े। आजादी के बाद शुरूआती कुछ दिनों तक कांग्रेस के सामने दक्षिण की चुनौती नहीं रही लेकिन जब चुनौती शुरू हुई तो एक एक करके दक्षिणी राज्यों से कांग्रेस के पांव उखड़ते गए। भारतीय राजनीति में अभी भाजपा केंद्रीय ताकत है लेकिन दक्षिण में कर्नाटक को छोड़ कर कहीं भी उसका मजबूत आधार नहीं बन सका है। कह सकते हैं कि भाजपा ने इससे पहले कभी भी दक्षिण को लेकर बहुत गंभीरता नहीं दिखाई थी और बहुत सुनियोजित अभियान नहीं चलाया था। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की भाजपा ने कभी सोचा ही नहीं कि उनको दक्षिण में या पूर्वोत्तर भारत में भी अपना विस्तार करना चाहिए। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा ने पहले पूर्वोत्तर की दीवार गिराई। कोई न कोई उपाय करके पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा का संगठन बनवाया और सरकार भी बनाई। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मणिपुर जैसे राज्यों में भाजपा ने लगातार दूसरी बार अपनी सरकार बनाई तो मेघालय और नगालैंड में सहयोगी पार्टियों के साथ सरकार में शामिल हुई। सिक्किम में भी भाजपा की सहयोगी पार्टी सरकार में है। एक मिजोरम को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में भाजपा एक मजबूत राजनीतिक ताकत है। उत्तर और पश्चिम में पहले से भाजपा का मजबूत जमीनी आधार था। सो, पूरब, पश्चिम और उत्तर के बाद भाजपा अब दक्षिण की ओर से चली है। वह दक्षिणायन हो रही है। सवाल है कि क्या दक्षिणावर्त भाजपा अपने अभियान में कामयाब होगी? क्या वह गंगा और नर्मदा के किनारे से निकल दक्कन के विशाल पठार चढ़ पाएगी? सतपुड़ा के घनों जंगलों को पार करना क्या भाजपा के लिए संभव हो पाएगा? एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या भाजपा इस बार के लोकसभा चुनाव में दक्षिण विजय करके वास्तविक अर्थों में पूरे देश की पार्टी बन पाएगी?इन सवालों के जवाब आसान नहीं हैं क्योंकि भाजपा के लिए दक्षिण की राजनीति भी उलझी हुई है और सामाजिक व सांस्कृतिक स्थितियां भी वैसी नहीं हैं, जैसी उत्तर या पूरब और पश्चिम में उसे मिली हैं। उसे दक्षिण की सामाजिक व सांस्कृतिक स्थितियों के साथ सामंजस्य बनाना है या मौजूदा सामाजिक व सांस्कृतिक विमर्श के बरक्स एक नया विमर्श खड़ा करना है। दक्षिण की सामाजिक व सांस्कृतिक धरातल पर दोनों पैर टिका कर खड़े हुए बगैर भाजपा के लिए राजनीतिक जमीन को उर्वर बनाना आसान नहीं होगा।

आमतौर पर भाजपा के दक्कन के अभियान को राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। चूंकि भाजपा ने ऐसे राजनीतिक दांव चले हैं कि उनसे नजर नहीं हटती है और सारी व्याख्या उसी के ईर्द गिर्द घूमने लगती है। भाजपा ने कर्नाटक में, जहां उसकी अपनी जमीन मजबूत है वहां राज्य की एकमात्र प्रादेशिक पार्टी जेडीएस से तालमेल कर लिया। भाजपा लिंगायत तो जेडीएस वोक्कालिगा वोट की राजनीति करती है। इसी तरह आंध्र प्रदेश में, जहां वह एक फीसदी वोट की पार्टी है वहां उसने तेलुगू देशम पार्टी और जन सेना पार्टी से तालमेल कर लिया। तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू कम्मा हैं तो जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण कापू समुदाय से आते हैं। राज्य की दो बड़े जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियां भाजपा के साथ हैं। तमिलनाडु में भाजपा का तालमेल अन्ना डीएमके से खत्म हो गया है लेकिन वह तमिल मनीला कांग्रेस के साथ साथ टीटीवी दिनाकरण और ओ पनीरसेल्वम से तालमेल कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण के राज्यों में जो राजनीतिक दांव चल रही है वह अपनी जगह है लेकिन उसने राजनीतिक पहल करने से पहले सामाजिक व सांस्कृतिक धरातल पर भी काम शुरू कर दिया था। हो सकता है कि अभी इसका बड़ा राजनीतिक असर नहीं दिख रहा हो लेकिन काशी-तमिल संगम के जो कार्यक्रम शुरू हुए हैं उनका असर आने वाले समय में दिखाई देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ समय पहले ही हिंदुओं की सबसे पवित्र नगरी काशी को तमिल के साथ जोडऩा शुरू किया था। यह तमिलनाडु में नई जमीन तोडऩे की तरह था। ध्यान रहे तमिलनाडु का जनमानस व्यापक रूप से ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार और द्रविडियन आंदोलन से बना हुआ है। सनातन विरोध की गहरी जड़ें वहां स्थापित हैं। सामाजिक स्तर पर जातियों की राजनीति उत्तर भारत के मुकाबले बहुत पहले से जमी हुई है। आरक्षण की सीमा 34 साल से 65 फीसदी से ऊपर है। कह सकते हैं कि सनातन विरोध और पिछड़ी जातियों के वर्चस्व की राजनीति स्थापित है। ऊपर से हिंदू विरोध और तमिल की सर्वोच्चता का भाव भी उत्तर भारत की पार्टियों के लिए मुश्किल पैदा करने वाला है। लेकिन याद करें कितना पहले नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की एक सभा में तमिल को संस्कृत से भी पुरानी भाषा बता कर उसकी महत्ता का गुणगान किया था। सो, चाहे भाषा की बाधा तोडऩे का मामला हो या सामाजिक-सांस्कृतिक विमर्श में अपना पक्ष उजागर करना होगा या धर्म के मामले में सनातन बनाम सनातन विरोध का विमर्श बनवाना हो, हर जगह भाजपा ने अपने को खड़ा किया है।

भाजपा की सक्रियता से राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके नेता अतिशय सजग हो गए और उन्होंने अपनी रक्षा में आक्रामक होकर भाजपा पर हमला शुरू कर दिया। ऐसे भी कह सकते हैं कि वह भाजपा के जाल में फंस गई और उसके तय किए गए एजेंडे पर प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। डीएमको को अन्ना डीएमके से लडऩा है, जिसका सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक एजेंडा एक जैसा है लेकिन उससे लडऩे की बजाय डीएमके ने भाजपा के बनाए विमर्श से लडऩा शुरू कर दिया अन्यथा कोई कारण नहीं था कि उदयनिधि स्टालिन और ए राजा सनातन को बीमारी बता कर उसे खत्म करने का संकल्प जताते। सनातन का एजेंडा मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके का नही था, बल्कि हाशिए पर की पार्टी भाजपा का था। लेकिन अपनी गलती से डीएमके ने भाजपा का पैदा किया गया विमर्श केंद्र में ला दिया। अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने के दबाव में डीएमके ने भाजपा को दुश्मन नंबर एक बना दिया, जिसका सीधा फायदा भाजपा को होगा। एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह के सर्वेक्षण में भाजपा को 20 फीसदी वोट मिलने की संभावना जताई गई है। ध्यान रहे देश के उन हिस्सों में भाजपा को ज्यादा कामयाबी मिली है, जहां लोगों ने उसे आजमाया नहीं है या नरेंद्र मोदी के प्रति जहां जिज्ञासा है। इसी तरह केरल की राजनीति को ध्यान में रख कर भाजपा ने ईसाई समुदाय को अपने साथ जोडऩे का अभियान शुरू किया। नरेंद्र मोदी के चर्च के दौरे बढ़ गए और वे वेटिकन के पोप का आशीर्वाद भी ले आए। ईसाई और मुस्लिम समुदाय के बीच की फॉल्टलाइन को बढ़ा कर भाजपा लाभ लेने की कोशिश में है। उसको लग रहा है कि हिंदू उसका साथ देंगे और अगर इसाइयों का का एक समूह उसके साथ आया तो एक मजबूत ताकत बन सकती है। ध्यान रहे अभी वह 11 फीसदी वोट की पार्टी है लेकिन यह चुनाव उसके बहुत मजबूत होने का चुनाव हो सकता है। तेलंगाना भी भाजपा की उम्मीदों का प्रदेश है, जहां उसे ओवैसी की पार्टी के रूप में एक रेडिमेड दुश्मन उपलब्ध है। यह नहीं कहा जा सकता है कि इसी चुनाव में भाजपा जीत जाएगी या बड़ी पार्टी हो जाएगी लेकिन यह तय है कि दक्कन के पठार उसके लिए बहुत दुर्गम नहीं रह जाएंगे।

# चुनावी बांड पटाक्षेप और 'गुलाम मीडिया' में पसरा सन्नाटा

-तनवीर जाफरी-

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आखिरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड खरीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्रायः सर्वाधिक चंदा मिला करता है। इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीद के नाम पर न केवल 'चंदे का धंधा' यानी चंदा देदो-धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ईडी, आईटी या सीबीआई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड खरीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की खरीद होते ही इन पर की गयी ई डी, आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी।

विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड खरीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फर्जी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड खरीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली, ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फजी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज, मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रा स्ट्रक्टर लिमिटेड, वेदांता लिमिटेड, लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज्यादा कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्टर लिमिटेड द्वारा खरीदे गये हैं। फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्टर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे गये।

न खाऊंगा न खाने दूंगा का दंभ भरने वाली वर्तमान भाजपा सरकार 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इस चुनावी बांड योजना को लाई थी जिसे 2018 में लागू कर दिया गया था। हालांकि बीजेपी सहित कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, आप और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राशि प्राप्त की है। परन्तु अप्रैल 2019 और जनवरी 2024 के बीच चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 6,060.51 करोड़ रुपये का सबसे अधिक चंदा हासिल हुआ है। सबसे अधिक धनराशि का बांड खरीदने वाली तमिलनाडु की कंपनी फ़्यूचर गेमिंग को 2019 में जितना लाभ हुआ था, इस कंपनी ने उसका छह गुना अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा दिया।

एक रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में इस कंपनी को टैक्स देने के पहले 82 करोड़ का मुनाफा हुआ था और इसने 328 करोड़ का चंदा दिया था। इसी कंपनी ने चार साल में 1368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे हैं। इसी तरह मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रास्ट्रक्टर लिमिटेड एमईसीएल ने भी 966 करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस का आरोप है कि 'मेघा इंजीनियरिंग ने कलेश्वर लिफ़्ट इरिगेशन योजना के अंतर्गत मेड गुडा बराज का निर्माण किया जिसके कई खंभों में दरारें पड़ गई हैं क्योंकि इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। और इस कम्पनी ने तेलंगाना की जनता का 1,00,000 करोड़ रुपया चोरी किया गया है'। इलेक्टोरल बांड खरीद के माध्यम से हुये भ्रष्टाचार के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्टेट बैंक के प्रति बरती गयी सख़्ती का नतीजा यह हुआ था कि 11 मार्च को ही स्टेट बैंक से निवेशकों का भरोसा टूटने लगा था तभी स्टेट बैंक के शेयर्स में दो प्रतिशत की गिरावट भी दर्ज की गयी थी।

सवाल यह है कि चुनावी चंदे के धंधे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्टेट बैंक इंडिया के घुटनों पर आने, विपक्ष द्वारा इस विषय पर हमलावर होने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से कराने और इसे दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला बताने के बावजूद इसी मुद्दे पर आखिर भारतीय मीडिया को क्यों सांप सूंघ गया है? देश का सबसे बड़ा घोटाला और उसपर मीडिया की खामोशी, क्या इस बात का संकेत नहीं कि जो भारतीय मीडिया जहाँ सत्ता का गुणगान करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ता वही उसकी कमियों, अनियमितताओं, अनैतिक आचरण तथा आर्थिक घोटाले पर भी पर्दा डालने में खुलकर सत्ता का साथ दे रहा है? कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय मीडिया इस समय ह्रास, पतन और बेशर्मी के उत्कर्ष के दौर से गुजर रहा है। क्या लोकतंत्र का स्वयंभू चौथा स्तंभ धराशायी हो चुका है? सत्ता के लिए दर्पण रुपी भूमिका अदा करने वाली पत्रकारिता आज 'सत्ता के गुलाम' की भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि सत्ता को आइना दिखने वाले अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपनी नौकरी गंवा चुके हैं और अपने विभिन्न निजी सोशल प्लेटफॉर्म पर अपना कर्तव्य पूरी जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी विस्तृत जानकारियां भी देश को मुख्य धारा के मीडिया से नहीं बल्कि सोशल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों की ही देन है।

यह पत्रकारिता के इसी 'अंधकार मय युग' की ही देन है कि अनेक टी वी एंकर पार्टी प्रवक्ता की भूमिका अदा करते नजर आ रहे हैं। आउट डोर रिपोर्टिंग में 'पत्थरकारों' द्वारा नागिन डांस किया जा रहा है। विपक्ष की खबरों को न केवल ब्लैक आउट कर दिया गया है बल्कि सवाल भी विपक्ष से ही पूछे जा रहे हैं। एक पत्रकार की आवाज को दबाने के लिये पूरा का पूरा मीडिया हाउस खरीदा जा रहा है।

न जाने कितने बाजमीर पत्रकारों ने गुलाम मीडिया हॉउस के साथ काम कर अपना जमीर बेचने से इंकार कर दिया है। पार्टी विशेष के कई लोग व उनके शुभचिंतक उद्योगपति अपने अपने मीडिया हॉउस चलाकर सत्ता का गुणगान कर रहे हैं। करण थापर और विजय त्रिवेदी जैसे पत्रकारों ने एक दशक पूर्व 'साहब ' को ऐसा दर्पण दिखाया कि साहब ने दर्पण देखना ही बंद कर दिया है। गोया सत्ता केवल अपने 'मन की बात' कर इकतरफा संवाद पर भरोसा कर रही है। और मुख्य धारा का मीडिया सत्ता के कवच की भूमिका निभा रहा है। यही वजह है कि मणिपुर की घटना की ही तरह चुनावी बांड घोटाले पर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुये पटाक्षेप पर 'गुलाम मीडिया' में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है।

## सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी का मामला एक राजनीति षड्यंत्र है: आतिशी

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पार्टी नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ धनशोधन का मामला एक ''राजनीतिक साजिश'' है और दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपराध से अर्जित कोई भी आय बरामद किये बिना ''हवाला ऑपरेटर के बयानों पर भरोसा कर रहा है।'' प्रवर्तन निदेशालय की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। जैन को तब झटका लगा था जब उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को धनशोधन मामले में उनकी नियमित जमानत खारिज कर दी और कहा कि ईडी द्वारा यह दिखाने के लिए पर्याप्त सामग्री एकत्र की गई है कि वह अपने दो सहयोगियों के साथ कथित अपराध के लिए प्रथम दृष्टया दोषी हैं।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री एवं आप नेता आतिशी ने एक बयान में कहा, 'कल, उच्चतम न्यायालय ने जैन को जमानत देने से इनकार करने का फैसला किया। हम उच्चतम न्यायालय और कानून की उचित प्रक्रिया का सम्मान करते हैं, लेकिन सम्मानपूर्वक शीर्ष अदालत के फैसले से असहमत हैं। जिस मामले में वह जेल में बंद हैं वह पूरी तरह से झूठा है।' ईडी ने जैन को कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से धनशोधन के आरोप में 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। आतिशी ने हालांकि, दावा किया कि जब उनके खिलाफ यह मामला बनाया गया था तो जैन उस समय सीमा के दौरान न तो निदेशक थे और न ही मालिक थे जबकि उनकी पत्नी के पास नगण्य ह्यशेयर होल्डिंग' थी। उन्होंने दावा किया, ह्यह्यतो, कानून के अनुसार, अगर कंपनी ने इस दौरान कोई निर्णय लिया था, तो जैन और उनके परिवार का कोई भी सदस्य कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हो सकता। उन्हें एक कंपनी के फैसले के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिसमें वह न तो निदेशक थे, न ही अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता थे और न ही शेयरधारक थे। वह कंपनी द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय के लिए बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं थे।'' दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि जैन के खिलाफ आरोप ₹पूरी तरह से कुछ कुख्यात हवाला ऑपरेटर द्वारा दिए गए बयानों पर आधारित थे।'' उन्होंने आरोप लगाया, ₹विडंबना यह है कि ईडी ज्ञात हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से बयान देता है, लेकिन जैन से अपराध से अर्जित आय का एक भी रुपया बरामद किए बिना। ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन ज्ञात हवाला ऑपरेटर अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं।₹ उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ₹पूरा मामला एक राजनीतिक साजिश है।'' आतिशी ने आरोप लगाया कि जैन को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹यह आप और (दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल के काम को रोकने की साजिश है। यह उस व्यक्ति को निशाना बनाने की साजिश है जिसने दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली और मोहल्ला क्लीनिक जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं।₹ जैन के पास केजरीवाल सरकार में अन्य प्रभारों के साथ-साथ बिजली और स्वास्थ्य विभाग भी थे। वह और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया केजरीवाल के भरोसेमंद सहयोगी थे और सरकार के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल पर काम करने के लिए उन्हें अक्सर पार्टी द्वारा श्रेय दिया जाता था। दोनों ने पिछले साल फरवरी में कैबिनेट से अपना इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि जैन का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। आतिशी ने कहा, ₹पूरे देश ने देखा है कि वह एक सीढ़ी भी नहीं चढ़ पा रहे थे। कुछ महीनों में उनके कई ऑपरेशन हुए हैं।₹ उन्होंने कहा, ₹इसके बावजूद, अगर शीर्ष अदालत ने उन्हें जेल भेजने का फैसला किया है, तो हम सम्मानपूर्वक अदालत से असहमत हैं।

हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। आज नहीं तो कल हमें न्याय मिलेगा। मंत्री ने दोहराया कि आप, केजरीवाल सरकार और उसके सभी कार्यकर्ता ऐसी धमकियों और साजिशों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ₹जैन द्वारा प्रदान किया गया मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पूरे देश और दुनिया भर में दोहराया और सराहा जा रहा है। ऐसे अच्छे कार्यों वाले व्यक्ति को गलत तरीके से निशाना बनाया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने मामले में नियमित जमानत के लिए जैन की याचिका पर 17 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसने पूर्व मंत्री को 26 मई, 2023 को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी और इसे समय-समय पर बढ़ाया गया। छह अप्रैल, 2023 को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा मामले में नियमित जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज करने के बाद जैन ने शीर्ष अदालत का रुख किया था।

# पीएसएल फाइनल में इमाद वसीम के प्रदर्शन से उनकी संभावित वापसी के बारे में चर्चा शुरू



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 फाइनल में इस्लामाबाद यूनाइटेड की ऐतिहासिक जीत ने ऑलराउंडर इमाद वसीम के प्रदर्शन और संन्यास से उनकी संभावित वापसी के बारे में चर्चा शुरू कर दी है। इमाद वसीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन (पीएसएल 2024 फाइनल में 23 रन देकर 5 विकेट) ने कई लोगों का ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें उनके टीम के साथी और इस्लामाबाद यूनाइटेड के कप्तान, शादाब खान भी शामिल हैं, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से इमाद की प्रशंसा की है और आगामी टी20 विश्व कप 2024 को देखते हुए उन्हें विशेष रूप से अपने सेवानिवृत्ति के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया है। पिछले साल नवंबर में संन्यास लेने वाले इमाद वसीम ने पीएसएल 2024 फाइनल में 5 विकेट लिए और 40 गेंदों पर 59 रनों की नाबाद पारी भी खेली। लीग क्रिकेट में उनके हालिया फॉर्म और खेल में अनुभव ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी की संभावना के बारे में चर्चा फिर से शुरू कर दी है।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के साथ, वसीम का असाधारण फॉर्म राष्ट्रीय टीम के लिए महत्वपूर्ण महत्व रखता है। पीएसएल 2024 फाइनल के बाद, इस्लामाबाद यूनाइटेड के कप्तान शादाब खान ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, ₹जब इमाद ने संन्यास लेने का फैसला लिया, तो मैंने उनसे कहा कि मैं नहीं चाहता कि वह जाएं। पाकिस्तान को उनके जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है।' उन्होंने कहा, ₹भगवान की इच्छा है, अगर उनके साथ चर्चा होती है, तो उम्मीद है कि वह वापस आएंगे क्योंकि विश्व कप नजदीक आ रहा है और जिस तरह से वह प्रदर्शन कर रहे हैं और सीपीएल में उनका अनुभव है, पाकिस्तान को निश्चित रूप से उनकी जरूरत है।'

इमाद वसीम ने राष्ट्रीय टीम में संभावित वापसी के लिए दरवाजे खुले छोड़ दिए हैं। इमाद ने कहा, ₹मैंने पाकिस्तान के लिए खेलते हुए अपना नाम बनाया और अगर मेरे देश को मेरी जरूरत होगी तो मैं उपलब्ध रहूंगा। अगर नहीं, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है।' उन्होंने कहा, ₹मेरे संन्यास लेने के बाद शाहीन ने मुझे फोन किया लेकिन मैंने उनसे कहा कि हम पीएसएल के बाद बात करेंगे।' पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 के एक रोमांचक मैच में, हुनैन शाह आखिरी गेंद पर चौका लगाकर हीरो बनकर उभरे, जिससे इस्लामाबाद यूनाइटेड ने मुल्तान सुल्तांस पर दो विकेट से जीत हासिल की और अपनी तीसरी पीएसएल ट्रॉफी जीती।

## अर्जेंटीना के आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी

**ब्यूनस आयर्स, (हि.स.)।** लियोनेल मेसी संयुक्त राज्य अमेरिका में अर्जेंटीना के आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, इसकी पुष्टि सोमवार को अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने की। मेसी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अर्जेंटीना के मैचों में नहीं खेलेंगे। अर्जेंटीना को 26 मार्च को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका का सामना करने से पहले शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलना है। पिछले हफ्ते सीओएनसीएसीएएफ चैंपियंस कप में नैशविले पर मियामी की 3-1 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद मेसी ठीक नहीं हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी, जिन्हें नैशविले पर जीत में आधे समय के बाद स्थानापन्न किया गया था, शनिवार को वाशिंगटन में डी.सी. यूनाइटेड पर मियामी की जीत से चूक गए। अर्जेंटीना महासंघ ने एक्स पर ट्वीट किया, ₹अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी नैशविले एससी के खिलाफ अपनी टीम के मैच में अपने दाहिने पैर की हैमस्ट्रिंग में लगी मामूली चोट के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए टीम में शामिल नहीं हो पाएंगे।'

# इंग्लैंड और एसेक्स के लेग स्पिनर रॉबिन हॉब्स का 81 वर्ष की आयु में निधन

**लंदन, (हि. स.)।** एसेक्स और इंग्लैंड के पूर्व लेग स्पिनर रॉबिन हॉब्स का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी मृत्यु की खबर की घोषणा मंगलवार को उनके बेटे निक ने की, जिन्होंने एक्स, पर लिखाः ₹आज मैंने अपने सबसे अच्छे दोस्त को अलविदा कहा। शांति से रहो मेरे दोस्त।'1967 में हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ इंग्लैंड में पदार्पण करने वाले हॉब्स ने अगले चार वर्षों के दौरान सात टेस्ट मैचों में 12 विकेट लिए, और 1992 में पाकिस्तान के खिलाफ इयान सैलिसबरी के पदार्पण तक इंग्लैंड के लिए खेलने वाले आखिरी विशेषज्ञ लेगस्पिनर थे। काउंटी परिदृश्य में, 1961 में ट्रेवर बेली द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद वह एसेक्स टीम के एक प्रमुख सदस्य बन गए, और 15 सीजन में कुल 325 प्रदर्शन किए, और ठीक 26.00 की औसत से 763 विकेट लिए। उन्हें 1964 में एसेक्स द्वारा कैप किया गया था, और 1975 में क्लब छोड़ने के बाद, उन्होंने 1979 सीजन के लिए कप्तान के रूप में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आश्चर्यजनक वापसी के साथ ग्लैमरगन में अपना करियर समाप्त किया। उनके करियर का अंतिम मैच, 1981 में, कोलचेस्टर में उनके पूर्व क्लब के खिलाफ हुआ, जिसमें उन्होंने पांच विकेट लिया, हालांकि उनकी टीम यह मैच हार गई। हॉब्स का 63 रन देकर 8 विकेट का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 1966 में स्वानसी में ग्लेमॉर्गन के खिलाफ एसेक्स के लिए आया था, और उन्होंने अपने करियर का अंत कुल 1,099 विकेट के साथ किया। 1975 में अपने 1000वें विकेट के साथ उन्होंने मौजूदा काउंटी चैंपियन, वॉर्सेस्टरशायर पर एक यादगार जीत हासिल करने में मदद की।

# किआरा आडवाणी ने दिलजीत दोसांझ की निजी जिंदगी को लेकर किया खुलासा



दिलजीत दोसांझ ने पंजाबी के साथ-साथ हिंदी फिल्मों में भी काम करके दर्शकों का दिल जीता है। वह अभिनेता के साथ ही अद्भुत गायक भी हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में परफॉर्म करने के बाद से दिलजीत चर्चा में हैं। बाद में उन्होंने विश्व प्रसिद्ध गायक एड शीरन के साथ प्रस्तुति दी। इस बार एंड शीरन ने उनके साथ एक पंजाबी गीत गाया। जल्द ही वह फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आएंगे। दिलजीत दोसांझ की प्रोफेशनल लाइफ के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन वह अपनी पर्सनल लाइफ को बेहद प्राइवेट रखते हैं। कियारा आडवाणी ने एक बार इस 40 वर्षीय अभिनेता के बारे में खुलासा किया है। उनका यह बयान एक बार फिर चर्चा में है। कियारा और दिलजीत ने फिल्म 'गुड न्यूज' में साथ काम किया था। इसमें दर्शकों को उनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आई। फिल्म के प्रमोशन के दौरान कियारा ने दिलजीत को लेकर एक खुलासा किया। कियारा आडवाणी ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान कहा कि फिल्म के मुख्य कलाकारों करीना कपूर, अक्षय कुमार और दिलजीत दोसांझ में से वह अकेली हैं, जिनके बच्चे नहीं हैं। दिलजीत बाबा का यही मतलब है।कियारा ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ₹मैंने बहुत कुछ सीखा, क्योंकि स्टार कास्ट में मैं अकेली हूं जिसके बच्चे नहीं हैं।' दिलजीत ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि वह जानबूझकर अपने परिवार को लाइमलाइट से दूर रखते हैं। क्योंकि वह नहीं चाहते कि उनकी वजह से उनके परिवार को ट्रोलिंग का सामना करना पड़े। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिलजीत शादीशुदा हैं और उनकी पत्नी और बेटा दोनों अमेरिका में रहते हैं, लेकिन दिलजीत ने अब तक कभी इस बारे में बात नहीं की है।

# रवि किशन की फिल्म "महादेव का गोरखपुर" की 29 मार्च को पैन इंडिया रिलीज

भोजपुरी सुपरस्टार सह सांसद रवि किशन की फिल्म "महादेव का गोरखपुर" इतिहास रचने को तैयार है। यह भोजपुरी की पहली फिल्म होगी जो पैन इंडिया लगभग 150 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का रिलीज डेट 29 मार्च है और इस दिन यह फिल्म ग्लोबल स्तर पर भी रिलीज किया जा रहा है, जिसके तहत फिल्म को अमेरिका के 12 सिनेमाघरों में रिलीज किया जायेगा। खास बात यह है कि फिल्म सिने प्लेक्स, इनोक्स जैसे बड़े जगहों पर रिलीज की जानी है। फिल्म "महादेव का गोरखपुर" की इतनी बड़ी रिलीज की प्लानिंग से अभिनेता रवि किशन गदगद हैं। वे भोजपुरी के पहले ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी फिल्म को इतनी बड़ी रिलीज मिल रही है। भोजपुरी समाज के खातिर और फिल्म इंडस्ट्री के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी माटी के बोली अब विश्व देखी, गोरखपुर के विश्व देखी। महादेव के आशीर्वाद से 29 मार्च के ..हर हर महादेव। रवि किशन प्रोडक्शन के साथ मिलकर वाया फिल्म्स ने फिल्म "महादेव का गोरखपुर" का निर्माण किया है। फिल्म का म्यूजिक राइट जंगली म्यूजिक के पास है। फिल्म के निमार्ता प्रीतेश शाह और सलिल संकरण हैं। सह निमार्ता अरविंद और अमरजीत दहिया हैं। कहानी साईं नारायण ने लिखी है।

# फिल्म 'जेएनयू' का टीजर जारी, 5 अप्रैल को होगी रिलीज




इस समय बॉलीवुड में राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर बनने वाली फिल्मों का अच्छा खासा चलन है। विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद से ऐसे विषयों पर कई फिल्में हमारे सामने आई हैं। 'द केरला स्टोरी' से लेकर 'आर्टिकल 370' तक कई संवेदनशील विषयों पर फिल्में बनी है और उन्हें दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। अब जल्द ही फिल्म 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' के जरिए एक अलग इतिहास लोगों के सामने आएगा। अब एक और फिल्म का ऐलान हो गया है। 'मकाहल मूवीज' और 'जी म्यूजिक' जल्द ही दर्शकों के लिए फिल्म 'जेएनयू (जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी)' लेकर आ रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म का एक पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें भारत का पूरा नक्शा भगवा रंग में दिखाया गया और अब फिल्म का टीजर भी सामने आ गया है। यह एक विवादित फिल्म भी हो सकती है। फिल्म के टीजर से साफ है कि पिछले कुछ सालों में एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में छात्र राजनीति के नाम पर देश को तोड़ने वाले नारे लगे। सरकारी एजेंसियों की कार्यप्रणाली कैसी रही, धर्म और जाति के आधार पर किस तरह निम्न स्तर की राजनीति की गई। टीजर से साफ है कि इस फिल्म ने सब कुछ उजागर कर दिया है। इतना ही नहीं इस फिल्म में साउथ और वाम विचारधारा के बीच संघर्ष भी देखने को मिलेगा।

टीजर से साफ है कि फिल्म में सीधे नाम लेकर इस संवेदनशील मुद्दे पर टिप्पणी की गई है। इतना ही नहीं फिल्म के एक सीन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बड़ा होर्डिंग भी नजर आ रहा है।

कुल मिलाकर यह फिल्म 'जेएनयू' और भारतीय राजनीति में उसके महत्व पर केंद्रित है और कहा जा रहा है कि इसके जरिए नए खुलासे होंगे। इस फिल्म में सिद्धार्थ बोडके, उर्वशी रौतेला, रवि किशन, रश्मि देसाई, विजय राज, सोनाली सहगल जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुल मिलाकर टीजर से यह साफ है कि यह फिल्म भारतीय राजनीति के इतिहास के एक विवादित विषय पर सीधे तौर पर टिप्पणी कर सकती है। इस फिल्म का विनय शर्मा ने निर्देशित किया और 'जी स्टूडियो' और प्रतिमा दत्त की निर्मित है। यह फिल्म 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।

# फिल्म 'रामायण' की कास्टिंग को लेकर कई बातें आई सामने

ओम राउत की 'आदिपुरुष' के बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त फ्लॉप होने के बाद से ही रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म 'रामायण' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका के लिए अभिनेता रणबीर कपूर को चुना गया है। सीता के किरदार के लिए जान्हवी कपूर और साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी के नाम पर चर्चा हो रही थी, लेकिन जान्हवी कपूर ने पुष्टि की कि ये सभी खबरें झूठी हैं। इसी बीच इस फिल्म की कास्टिंग को लेकर कई बातें सामने आईं। पहले सीता का किरदार आलिया भट्ट निभाने वाली थीं लेकिन किसी वजह से उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। अब साफ हो गया है कि इस किरदार के लिए साईं पल्लवी को कास्ट किया गया है। इतना ही नहीं, यह भी चर्चा थी कि केजीएफ स्टार यश रावण की भूमिका और सनी देओल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। इसके साथ ही कहा गया था कि इसमें लारा दत्ता, हरमन बवेजा जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म को लेकर जो भी बातें सामने आई हैं उनमें से ज्यादातर अफवाह है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस खबर को सच बताया जा रहा है कि फिल्म में सिर्फ रणबीर कपूर और साई पल्लवी को कास्ट किया गया है। यह भी साफ किया गया है कि अभी अन्य कलाकारों की कास्टिंग नहीं हुई है लेकिन जो खबरें आ रही हैं वह अफवाह हैं। फिल्म में देरी की वजह अलग है, कुछ आंतरिक मतभेद हैं, जिन्हें दूर किया जाना बेहद जरूरी है। उसके बाद ही फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा की जाएगी। फिलहाल इस फिल्म में रणबीर कपूर और साई पल्लवी नजर आने की खबर पक्की हो गई है। बाकी सभी रिपोर्ट्स के गलत होने का दावा किया जा रहा है।

# टाइगर श्रॉफ ने पुणे में खरीदा घर

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है। बॉलीवुड फिल्मों में खतरनाक स्टंट करके सफलता हासिल करने वाले टाइगर श्रॉफ अब पुणेकर बनेंगे। अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने मुंबई के बाद अब पुणे में एक आलीशान घर खरीदा है। इस घर की कीमत सुनकर आपकी आंखें गोल हो जाएंगी। इतने महंगे घर का सपना कोई बॉलीवुड सेलिब्रिटी ही देख सकता है। इस घर की कीमत 7.5 करोड़ रुपये बताई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पुणे शहर में 7.5 करोड़ रुपये का नया घर खरीदा है। उनका आलीशान घर 4248 वर्ग फुट का है और हडपसर में प्रीमियम 'यू पुणे' परियोजना का हिस्सा है। इसका निर्माण स्थानीय रियल एस्टेट दिग्गज पंचशील रियल्टी कर रही है। इसके लिए टाइगर ने 52.5 लाख रुपये तक की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। बताया जा रहा है कि टाइगर श्रॉफ ने 5 मार्च 2024 को रजिस्ट्रेशन कराया और यह रकम चुकाई। अब टाइगर श्रॉफ क्या खुद इस घर में रहने जायेंगे? मुंबई से पुणे में बसेंगे? ये तमाम सवाल उनके फैंस के मन में घुमड़ रहे हैं। हालांकि, खबर है कि टाइगर श्रॉफ फिलहाल पुणे में शिफ्ट नहीं होंगे। वे मुंबई में ही रहेंगे और अपना अभिनय करियर जारी रखेंगे। टाइगर अभी मुंबई के खार इलाके में रहते हैं। उनके 8 बीएचके अपार्टमेंट की कीमत 35 करोड़ रुपये है। टाइगर श्रॉफ जल्द ही बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे।



# ट्रोलिंग पर आखिरकार जावेद अख्तर ने दिया बड़ा बयान



बॉलीवुड का प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय गीतकार जावेद अख्तर अपने बयानों के कारण हमेशा चर्चा में रहते हैं। बिना किसी हिचकिचाहट के जावेद अख्तर वे अपनी राय मजबूती से रखते हैं। हाल ही में जावेद अख्तर ने हिंदू और मुस्लिमों की ट्रोलिंग और नास्तिकता पर बड़ा बयान दिया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जावेद अख्तर ने ट्रोल करने वालों पर अपना गुस्सा भी जाहिर किया। जावेद अख्तर से हाल ही में एक इंटरव्यू में पूछा गया कि "क्या सोशल मीडिया पर ट्रोल होना सामान्य बात है? आपने अपने बारे में सबसे मजेदार बात क्या सुनी है? इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जावेद अख्तर ने कहा, ₹भले ही मैं नास्तिक हूं, मुझे जिहादी कहा जाता है। ऐसे लोगों से बचने के लिए मुझे 3-4 बार पुलिस सुरक्षा दी गई थी। यह बकवास है। लोगों को सोशल मीडिया पर किसी को भी गाली देने में मजा आता है। वे गालियां देते हैं।₹ उन्हें जो आजादी मिलती है। उन्होंने कहा, "मैं हिंदू और मुसलमानों को दोनों तरफ से प्रताड़ित किया जाता है। कुछ मुसलमानों ने तो मेरा नाम भी बदल दिया है।

उन्होंने मुझे अमर नाम दिया। वे मुझे हिंदू चरमपंथी कहते हैं। पाकिस्तान चले जाओ। जब दोनों में से कोई एक ट्रोल करना बंद कर देता है। तभी वास्तव में चिंता बढ़ जाती है। जब तक दोनों तरफ के लोग ट्रोल करते हैं, तब तक सब कुछ ठीक है।" उन्होंने कहा कि 'मैं एक मुस्लिम नास्तिक हूं। धर्म में कोई आस्था नहीं। मेरा जन्म एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। मेरे पास मुस्लिम होने के सिवा कोई रास्ता नहीं है क्योंकि इसके लिए मुझे धर्म बदलना पड़ेगा।

# रवि किशन की फिल्म "महादेव का गोरखपुर" की 29 मार्च को पैन इंडिया रिलीज

भोजपुरी सुपरस्टार सह सांसद रवि किशन की फिल्म "महादेव का गोरखपुर" इतिहास रचने को तैयार है। यह भोजपुरी की पहली फिल्म होगी जो पैन इंडिया लगभग 150 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का रिलीज डेट 29 मार्च है और इस दिन यह फिल्म ग्लोबल स्तर पर भी रिलीज किया जा रहा है, जिसके तहत फिल्म को अमेरिका के 12 सिनेमाघरों में रिलीज किया जायेगा। खास बात यह है कि फिल्म सिने प्लेक्स, इनोक्स जैसे बड़े जगहों पर रिलीज की जानी है। फिल्म "महादेव का गोरखपुर" की इतनी बड़ी रिलीज की प्लानिंग से अभिनेता रवि किशन गदगद हैं। वे भोजपुरी के पहले ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी फिल्म को इतनी बड़ी रिलीज मिल रही है। भोजपुरी समाज के खातिर और फिल्म इंडस्ट्री के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी माटी के बोली अब विश्व देखी, गोरखपुर के विश्व देखी। महादेव के आशीर्वाद से 29 मार्च के ..हर हर महादेव। रवि किशन प्रोडक्शन के साथ मिलकर वाया फिल्म्स ने फिल्म "महादेव का गोरखपुर" का निर्माण किया है। फिल्म का म्यूजिक राइट जंगली म्यूजिक के पास है। फिल्म के निमार्ता प्रीतेश शाह और सलिल संकरण हैं। सह निमार्ता अरविंद और अमरजीत दहिया हैं। कहानी साईं नारायण ने लिखी है।



# हत्या के आरोपी को घटना के 72 घंटों के भितर गिरफ्तार कर भेजा जेल राकेश परिहार पिछोर

**राकेश परिहार पिछोर**
9691338626

पिछोर,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के द्वारा गंभीर अपराधों मे तुरंत कार्यवाही कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । उपरोक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले और एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना खनियाधाना पुलिस ने द्वारा हत्या के आरोपी का पकड़ने मे सफलता हांसिल की है । थाना खनियाधाना द्वारा कार्यवाही करते हुये उधारी के पैसे न चुकाने पर बलवीर यादव की हत्या करने वाले फरार आरोपी संतू उर्फ संतोक आदिवासी पुत्र चुन्ना आदिवासी उम्र 23 साल निवासी ग्राम सिमलार थाना खनियाधाना को अपराध पंजीबद्ध होने के बाद मात्र 72 घंटे में गिरफ्तार किया है ।

दिनांक 24.03.2024 को फरियादी जगदीश यादव निवासी सिमलार की रिपोर्ट पर से थाना खनियाधाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 105/2024 धारा 302 ताहि का अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीओपी पिछोर को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए, एसडीओपी पिछोर प्रशान्त शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी खनियाधाना ने पुलिस टीम बनाकर हत्या के फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु




घटना स्थल के आस पास के गांवों में पूछताछ की एवं मुखविर मामूर किये जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त हत्या के पीछे ग्राम सिमलार का संतू उर्फ संतोक आदिवासी हो सकता है, तब मुखबिर की सूचना पर से फरार आरोपी संतू उर्फ संतोक आदिवासी पुत्र चुन्ना आदिवासी उम्र 23 साल निवासी ग्राम सिमलार थाना खनियाधाना को गिरफ्तार कर बारीकी से पूछताछ की पूछताछ में संतू उर्फ संतोक ने अपना अपराध स्वीकार किया, आरोपी ने बताया कि उसका व मृतक बलवीर यादव का पैसों के लेन देन का विवाद था, घटना की रात में दोनों में आपस में झगडा हुआ तो आवेश में आकर मैंने बलवीर की हत्या कर दी, बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व टूटी हुई बंन्दूक को जप्त किया गया आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

खनियाधाना पुलिस की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौड़ ने टीम की प्रशंसा की है और टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी खनियाधाना अशोक बाबू शर्मा के अलावा उनि मनोज कुमार सरयाम, उनि . अरविन्द्र सिंह जाट, सउनि. अरुण कुमार वर्मा, सउनि प्रकाश सिंह कौरव, सउनि, गुलशन सोनकर, का. प्रआर. 489 जितेन्द्र रायपुरिया, प्रआर.95 हीरा सिंह पाल, प्रआर. 661 नरेन्द्र पाल, प्रआर. 489 राघवेन्द्र सिंह, आर. 671 रवि बाथम, आर. चालक 1029 मोहित शर्मा, आर. 211 लाल सिंह, आर. 1046 बलराम, आर. 408 धर्मेन्द्र, आर. 316 संदीप, आर. 617 देवेश, आर. 606 सत्यम बैरागी थाना खनियाधाना, आर. 109 कप्तान सिंह (18वी. वाहिनी, गनर), आर. चालक. 120 आनंद लिटोरिया एसडीओपी कार्यालय पिछोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निर्वाचन आयोग द्वारा आप सभी को जो दायित्त्व दिया गया है उसे निष्पक्षता के साथ पूरा करें : एसडीएम

### पिछोर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, आशा कार्यकर्ता सहित कोटवारों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न





**राकेश परिहार पिछोर**
9691338626

पिछोर, निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशेष पुलिस अधिकारी का प्रशिक्षण सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी जेपी गुप्ता द्वारा पिछोर तथा खनियाधाना क्षेत्र के समस्त अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित कोटवारों को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पिछोर एसडीओपी प्रशान्त शर्मा,तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर, प्रशिक्षण ट्रेनर सूबेदार अरुण प्रतापसिंह जादौन, सीडीपीओ अरविन्द तिवारी,बीइओ विनोद गुप्ता, प्रकाश सूर्यवंशी,बीआरसी सुरेश गुप्ता संजय भदोरिया,निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।प्रशिक्षण के दौरान शिवपुरी गुना संसदीय क्षेत्र सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा पिछोर एसडीएम गुप्ता ने कहा गया कि आप लोगो को चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी तथा दायित्व दिए गए हैं ,उन सभी को आप निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ करें, यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जो आप लोगों को दी जा रही है इसके तहत आपको विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करना है, आप लोग इस कार्य के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए। आप लोगों को हर तरह से राजनैतिक गतिविधियों से दूरी बनाकर रहें। पुलिस के जो दायित्व है एवं आपको क्या क्या कार्य करना है इस संबंध आपको एक फिल्म के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी दी जा रही है ।इसके साथ ही एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुऐ उनके द्वारा पूछे प्रश्नों के भी उत्तर दिए कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रक्रिया की फिल्म भी दिखाई गई, जिसमे विस्तार से सभी कर्तव्यों के बारे में समझाया गया। प्रशिक्षण में पुलिस की ओर से उपस्थित सूबेदार अरूण प्रताप सिंह जादौन ने सभी को पुलिस अधिकारी के कर्तव्य व अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि आप लोगो को आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन भी करना होगा, और पुलिस की भांति कार्य भी करना होगा।प्रशिक्षण में पिछोर तहसीलदार शिवशंकर गुर्जर द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र ओर बूथ पर किस तरह कार्य करना है आदि जानकारी साझा की गई। यह प्रशिक्षण दो पालियों में रखा गया था जिसमे 11 बजे से 1:00 तक पिछोर तथा 2:00 बजे से 4:00 बजे तक खनियाधाना विकासखंड के अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिका एवं कोटबारों का रखा गया था।इस दौरान कुछ लोगों के द्वारा निर्वाचन से संबंधित प्रश्न रखे गए जिनके उत्तर सूबेदार जादौन द्वारा दिए गए।

## जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत दिव्यांगजन और तृतीय लिंग सम्मलेन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

***सक्ती*** *कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार आज समाज कल्याण विभाग सक्ती द्वारा जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत जिले के उभयलिंग, दिव्यांग जन तथा वरिष्ठ नागरिकों को मतदान हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण कार्यालय जेठा में किया गया। जिसमें तृतीय लिंग सम्मेलन में अपने संवर्ग का शत प्रतिशत निष्पक्ष मतदान हेतु जागरूक करने की शपथ ली गई। श्रव्य बाधित दिव्यांगजनों द्वारा आदर्श मतदान हेतु चित्रों के माध्यम से जागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया गया तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों द्वारा शतप्रतिशत मतदान करने तथा अपने मताधिकार के निष्पक्ष प्रयोग हेतु प्रेणात्मक उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी समाज कल्याण विभाग श्री सुनील मिश्रा, परिवेक्षक अधिकारी श्री सुरेश कुमार भारती सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी, समस्त उभयलिंग एवं वरिष्ठजन / दिव्यांगजन उपस्थित रहे।*

## आर्म्स एक्ट मे शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही,शातिर बदमाश से अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा मय 02 जिन्दा राउण्ड जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के द्वारा आगामी चुनावों के मद्देनजर क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये क्षेत्र के गुंडा बदमासों एवं आरोपियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं सीएसपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024



को दृष्टिगत रखते हुए अवैध हथियारो की धरपकड की कार्यवाही के दौरान थाना सुभाषपुरा द्वारा आज दिनांक 28.03.2024 को आरोपी महेश आदिवासी पुत्र प्रभु आदिवासी उम्र 36 साल निवासी ग्राम इंदरगढ़ थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा मय 02 जिन्दा राउण्ड 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर अपराध क्र.55/2024 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, समस्त कार्यवाही मे हमराही फोर्स की अहम भूमिका रही।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि अरविन्द सगर, प्रआर 99 महेश दत्त शर्मा, प्रआर0 197 अभय सिंह, आर.826 प्रशांत गुर्जर, आर. 740 रविन्द्र शर्मा, आर.274 धर्मेन्द्र शर्मा, म.आर.1146 प्रीति राठौर, आर0 598 अर्जुन सिंह, आर.चा. 27 सोनू गुर्जर की अहम भूमिका रही ।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**राकेश परिहार पिछोर**
9691338626

शिवपुरी, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे। लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, परिवहन, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, विद्युत विभाग और थाना प्रभारी यातायात भी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की। जिले में चिन्हित सभी 12 ब्लैक स्पॉट पर परीशोधन कार्य करने के बाद क्या स्थिति है , कितनी घटना दुर्घटना हुई है, उनकी जानकारी के निर्देश दिए। सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर इंतजाम किए जाए जिससे दुर्घटना न हों। नेशनल हाईवे पर एंबुलेंस एवं क्रेन मशीन की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। इसके अलावा शहर एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रोड मार्किंग, साइन बोर्ड



होना चाहिए। सड़क पर घूमने वाले आवारा मवैसी भी कई बार बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। नगर पालिका की टीम द्वारा आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने और उनके सींघो पर रेडियम टेप लगवाने के निर्देश दिए।

परिवहन विभाग की टीम द्वारा भी ओवरलोड वाहनों पर लगातार चेकिंग की जाए। बिजली के पोल के कारण जहां मुख्य मार्गो पर समस्या होती है, उसमें पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग आपसी समन्वय से चिन्हित करें और पोल शिफ्टिंग का कार्य कराया जाए। लाइन के चेंबर के ढक्कन रोड से ऊपर होने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं इन चैंबर को रोड के लेवल में लाया जाए

शहर में भीड़भाड़ का इलाका रहता है। यहां यातायात पुलिस की टीम द्वारा यातायात व्यवस्था पर सुचारू रूप से ध्यान दिया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट, शराब पीकर वाहन चलाने, रेड लाइट जंपिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने, ओवरलोडिंग माल एवं सवारी वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहे। स्कूल बसों की भी समय समय पर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं।

## सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभाग का स्वीप कैलेण्डर तैयार करें : कलेक्टर श्रीमती चौहान

### प्रभावी व सुनियोजित ढंग से मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करने पर दिया जोर

### स्वीप को लेकर अहम बैठक आयोजित



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। जिले के सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभाग के लिये स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कैलेण्डर तैयार करें। साथ ही कैलेण्डर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये शामिल की गईं सभी गतिविधियों को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें, जिससे भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान प्रतिशत में इजाफा हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने स्वीप गतिविधियों की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का व्यापक इस्तेमाल करने पर भी बल दिया। जिले में मतदाताओं



को जागरूक करने के लिये स्वीप के तहत प्रभावी रणनीति बनाई गई है। प्रयास ऐसे होंगे कि एक-एक मतदाता तक यह संदेश पहुँचे कि उनका वोट लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे जिले में मतदान प्रतिशत में बड़ा इजाफा हो सके। गुरूवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि अगले एक हफ्ते तक मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक आयु के छूटे हुए लोगों के नाम जोड़ने पर केन्द्रित जागरूकता गतिविधियों पर फोकस करें। उन्होंने कहा इस काम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, मार्केट एसोसिएशन, मोहल्ला समितियों इत्यादि का सहयोग लिया जा सकता है।कलेक्टर ने कहा कि स्वीप के तहत हर मतदाता तक यह संदेश पहुँचे कि हमारा वोट प्रजातांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा युवा, महिला, बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को ध्यान में रखकर स्वीप के तहत अलग-अलग प्रकार की प्रभावी गतिविधियाँ आयोजित करें। कलेक्टर ने हाट बाजारों के दिन और स्थानीय बोली में प्रभावी कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह ने जानकारी दी कि ग्वालियर शहर में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये वृहद प्लान तैयार किया गया है। नगर निगम द्वारा शहरवासियों के साथ किए जा रहे पत्राचार में भी मतदान के महत्व पर केन्द्रित स्लोगन प्रदर्शित किए जा रहे हैं। साथ ही एक शाम मतदाता के नाम, क्रिकेट मैच, बड़े गुब्बारे, मल्टी व गेट बंद कॉलोनियों के लोगों के साथ बैठकें इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में किसानों सहित सभी आयु वर्ग के मतदाताओं को ध्यान में रखकर स्वीप प्लान तैयार किया गया है। मतदान की तिथि तक विभिन्न चरणों में युवाओं, महिलाओं व दिव्यांगों पर केन्द्रित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

**मतदान दिवस को पेयजल के लिए नामजद ड्यूटी लगाए**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए कि गर्मी को ध्यान में रखकर हर मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को पानी पिलाने के लिये कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाएँ। साथ ही जहाँ मतदाताओं की कतार लगती हो वहाँ छाया की बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाए। मतदान केन्द्र परिसर में धात्री माताओं व वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था करें। साथ ही वहाँ फ्लैक्स भी लगवाएँ। उन्होंने पर्याप्त संख्या में मॉडल बूथ और पिंक बूथ बनाने पर भी बल दिया।

## सिविल सोसायटी ऑफ आगरा चाहती है कि 'आगरा का ऐजेंड' लोकसभा प्रत्याशियों के पास पहुंचे,मतदाता के रूप में आम जनता भी इसे जाने और महत्व को समझे

लोकसभा की आगरा और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीटों के लिये राजनैतिक दलों ने अपने अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं। कुछ निर्दलीय भी चुनाव मैदान में है। जो भी जीतेंगे उन्हें 2024 से लेकर 2029 तक आगरा और फतेहपुर सीकरी की जनता की रहनुमाई लोकसभा में करनी है।सांसद के रूप में अपनी पार्टी और सांसद के रूप में मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन उन्हें करना है,लेकिन साथ ही आगरा और फतेहपुर सीकरी की जनता के द्वारा की गयी अपेक्षाओं को भी उन्हें एक सांसद के रूप में भारत सरकार के समक्ष उठाना है।आगरा जनपद से जुड़ी समस्याओं या जन अपेक्षाओं को लेकर सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने 'आगरा का एजेंडा ' जारी किया है। सिविल सोसायटी ऑफ आगरा चाहती है कि 'आगरा का ऐजेंड' लोकसभा प्रत्याशियों के पास पहुंचे,मतदाता के रूप में आम जनता भी इसे जाने और महत्व को समझे,मीडिया और प्रशासन इसे संज्ञान में ले।

सिविल सोसायटी ऑफ आगरा का प्रयास था कि आगरा का एजेंडा नागरिकों के बीच चर्चा में आये और इसके लिये नगर निगम आगरा को कुछ चौराहों पर होर्डिंग लगवाए जाने की अनुमति के लिये आवेदन भी किया था




किन्तु आवेदन पर अनुमति जारी होती उससे पहले ही 18वीं लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना जारी हो गयी। अब इस एजेंडे को प्रेस/मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के बीच ले जा रहे हैं। आगरा से संबंधित उन प्रवासियों के समक्ष भी ले जायेंगे जो कि प्रवासी मतदाता के रूप में मतदान करेंगे।

'आगरा का एजेंडा ' के मुख्य बिन्दु-

पानी संबंधित

1.आगरा में पेयजल और खेती के लिये पानी की उपलब्धता लगातार घट रही है।जरूरत के अनुरूप पानी का नितांत अभाव है।पाडला फाल (जिला बुलंदशहर) से आगरा के लिये पाइप लाइन से गंगा जल आता है,लेकिन वह बहुत ही सीमित जरूरत को पूरा करता है।भविष्य की जरूरतों को दृष्टिगत कार्ययोजनाये बनायी जायें।

2. जल निगम की मूल योजना के अनुसार गंगा जल का उपयोग सीधे आपूर्ति के साथ ही जीवनी मंडी जलकल से में शोधित यमुना जल का प्रदूषण कम करने को भी होना था।लेकिन अब तो जीवनी मंडी जलकल में शोधन कार्य ही पूरी तरह से बंद हो चुका है।यही नहीं 1888 से आगरा की जनता को यमुना जल की आपूर्ति करने वाले इसके परिसर को खुर्दबुर्द होने से बचाये रखना ही अपने आप में एक चुनौती है।जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों से प्रतिबद्धता अपेक्षित है।

3. आगरा में पानी की उपलब्धता और भूमिगत जलस्तर हिमालय के ग्लैशियरों से पोषित यमुना नदी और करौली की विंध्या पहाडी श्रृंखला की जलधाराओं से पोषित खारी, पार्वती और उटंगन नदी की जलधाराओं पर ही निर्भर है।

खारी नदी और उटंगन नदी में पानी आना बिल्कुल ही बंद हो चुका है। राजस्थान इरीगेशन विभाग ने इन नदियों का पानी पूरी तरह से रोक रखा है। आगरा के जनप्रतिनिधियों खास कर फतेहपुर सीकरी सीट के प्रत्याशियों से अपेक्षा है कि राजस्थान में रोके जा रहे आगरा के पानी की सुचारू करवाने के लिये उप्र जल शक्ति मंत्रालय और भारत सरकार पर दबाव बनायें।




# शशि कपूर की 86वीं बर्थ एनिवर्सरी

आज शशि कपूर की 86वीं बर्थ एनिवर्सरी है। शशि वो स्टार थे जिनकी स्माइल और स्टाइल पर लड़कियां फिदा हो जाती थीं, लेकिन उन्होंने ताउम्र सिर्फ एक ही लड़की से प्यार किया। वो थीं उनकी पत्नी जेनिफर केंडल। फिल्मी करियर की शुरुआत भी उन्होंने पत्नी की खराब हालत देख कर की थी। अपने करियर में शशि ने 116 फिल्मों में काम किया। इनमें से 61 इनकी सोलो हीरो फिल्में रहीं, ज्यादातर सफल थीं। आज बर्थ एनिवर्सरी पर पढ़िए शशि कपूर की लाइफ के अनसुने किस्सेज किस्सा-1- शशि कपूर को जन्म नहीं देना चाहती थीं मां बात 1937 के आस-पास की है। पृथ्वीराज कपूर इंपीरियल फिल्म कंपनी की फिल्मों में बतौर सपोर्टिंग आर्टिस्ट काम कर रहे थे। साथ में खुद को हीरो के रूप में स्थापित करने की जद्दोजहद भी चल रही थी। इसी वक्त पत्नी रामसरणी प्रेग्नेंट हो गईं। प्रेग्नेंसी की बात सुनते ही वो दुखी हो गईं। दरअसल, इससे पहले उनकी संतान राज कपूर और शम्मी कपूर थे। वो इस तीसरे बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती थीं। ऐसे में एबॉर्शन की भी कोशिश की। कभी साइकिल से गिर जातीं तो कभी सीढ़ियों से। कभी-कभी तो वो रस्सी कूदने लगती थीं। इन तमाम कोशिशों के नाकाम होने के बाद 18 मार्च 1938 को उन्होंने तीसरे बेटे को जन्म दिया, जिसे दुनिया ने शशि कपूर के नाम से जाना। यह बात खुद शशि कपूर ने 1995 में फिल्मीबीट मैगजीन में कही थी। किस्सा-2- पृथ्वीराज कपूर चाहते थे शशि संघर्ष करके एक्टर बनें शशि के जन्म के बाद पृथ्वीराज कपूर ने पृथ्वी थिएटर ग्रुप की शुरुआत की थी। शशि का बचपन थिएटर के सेट पर ही बीता।

इसी का असर रहा कि कम उम्र में ही उनका रुझान फिल्मों की तरफ हो गया। चार साल की उम्र से ही वे अपने पिता के नाटकों में नजर आने लगे। बाद में उन्होंने आग (1948) और आवारा (1951) जैसी फिल्मों में राज कपूर के बचपन का किरदार निभाया। अपने इसी ख्वाब के साथ वे जिंदगी में आगे बढ़ना चाहते थे, लेकिन पिता पृथ्वीराज कपूर का मानना था कि पहले वे संघर्ष करें और अपनी मेहनत से बतौर एक्टर अपना करियर बनाएं। किस्सा-3- टीचर की मार से खराब हो सकता था शशि का चेहरा शशि कपूर ने मुंबई के डॉन बॉस्को स्कूल से पढ़ाई की थी। यहां भारत के फेमस विकेटकीपर फारुख इंजीनियर उनके क्लासमेट थे। एक दिन दोनों एक साथ बैठकर बातें कर रहे थें, तभी क्लास टीचर ने डस्टर फेंककर शशि के चेहरे की तरफ मारा, लेकिन फारुख ने अचानक से उसे कैच कर लिया। फारुख ने इस घटना के बारे में बीबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था- वो डस्टर शशि की आंख में लगता, लेकिन मैंने उसके चेहरे से एक इंच पहले ही उसे कैच कर लिया। मैं शशि को इस बात के लिए हमेशा चिढ़ाता कि अगर उस दिन मैंने डस्टर नहीं रोका होता, तो उसे फिल्मों में बस डाकू का रोल मिलता। किस्सा- 4-पहली नजर में हुआ जेनिफर से प्यार ये बात 1955 की है। इस वक्त शशि 18 साल के थे। वे पिता के साथ पृथ्वी थिएटर में काम करते थे। उस समय उनके एक प्ले का शो कोलकाता के थिएटर में चल रहा था। पब्लिक डिमांड के चलते शो को कुछ दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया था। एक दिन प्ले शुरू होने से पहले उन्होंने पर्दे से झांक कर यह देखना चाहा कि कितने दर्शक हैं। तभी उनकी नजर चौथी लाइन में बैठी एक विदेशी लड़की पर पड़ी, जो लाल पोल्का डॉट्स का टॉप पहने हुई थी और अपनी दोस्त के साथ हंस रही थी। उस लड़की को देखते ही शशि उस पर फिदा हो गए। बाद में उन्होंने यह जाना कि वो लड़की शेक्सपियराना थिएटर ग्रुप का हिस्सा है और गॉडफ्रे कैंडल की बेटी जेनिफर कैंडल है। किस्सा-5- शर्मीले स्वभाव की वजह से शशि को गे समझने लगी थीं जेनिफर जेनिफर का भी प्ले उसी थिएटर में होना था, जहां शशि ग्रुप के साथ प्ले कर रहे थे। ऐसा पहली बार था कि शशि किसी लड़की को पसंद करने लगे थे। उन्होंने उनसे मिलने के लिए अपने कजिन शुभिराज से गुजारिश कि वो उनकी मुलाकात जेनिफर से करवा दें। शुभिराज ने दोनों की मुलाकात का एक प्लान बनाया और उनकी मुलाकात हुई। मुलाकात के समय शशि बहुत घबराए हुए थे, जबकि जेनिफर नॉर्मल थीं। दोनों के बीच कुछ भी कॉमन नहीं था। वो पढ़ी-लिखी थीं, जबकि शशि इस घटना को याद करते हुए खुद को लल्लूराम कहते थे। इसके बाद मुलाकात का सिलसिला जारी रहा। शशि बहुत ही शर्मीले थे, जिस वजह से जेनिफर उन्हें गे समझने लगी थीं। बाद में जेनिफर का ग्रुप शशि को प्ले देखने के लिए बुलाने लगा। शशि, जेनिफर की मंडली में भी शामिल हो गए। इस दौरान उन्होंने जेनिफर के साथ कई नाटकों में काम किया। किस्सा-6- मां-भाभी को पसंद थीं जेनिफर, लेकिन पिता थे विदेशी बहू के खिलाफ एक बार शशि कपूर ऊटी में शो कर रहे थे।

वहां पर उन्होंने जेनिफर की मुलाकात अपनी मां और भाभी गीता से करवाई। शम्मी की वाइफ गीता को जेनिफर पहली ही नजर में पसंद आ गईं। मां ने भी जेनिफर को गले लगाया और अपने गले से सोने की चेन निकालकर जेनिफर को पहना दी। शशि, पिता पृथ्वीराज कपूर से अपनी और जेनिफर की शादी की बात करने से घबराते थे। उन्होंने ये जिम्मेदारी अपने बड़े भाई शम्मी को सौंप दी। शम्मी ने पिता से बात की, लेकिन पृथ्वीराज को ये कतई मंजूर नहीं था कि उनके घर की बहू कोई विदेशी महिला बने। बहुत मनाने के बाद पिता तो मान गए, लेकिन जेनिफर की फैमिली इस रिश्ते से खुश नहीं थी। पिता के मना करने के बाद जेनिफर ने शशि से कहा कि हम बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं। फिर 1958 में दोनों ने शादी कर ली। किस्सा-7- पत्नी की खराब हालत देखकर शुरू किया फिल्मी संघर्ष शादी के एक साल बाद ही जेनिफर ने बेटे कुणाल को जन्म दिया। इस समय तक शशि ने फिल्मी पर्दे पर बतौर लीड एक्टर कदम नहीं रखा था। एक दिन पृथ्वी थिएटर में काम करने वाली अजरा मुमताज ने शशि से कहा- अब जब तुम शादीशुदा हो, क्या तुम्हें अपनी पत्नी की देखभाल करना नहीं सीखना चाहिए? इस दिन को याद करते हुए शशि ने कहा था- उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मैं 21 साल का था और अभी भी अपने माता-पिता के साथ रह रहा था। अभी भी कुछ कमा नहीं रहा था, काम की तलाश भी नहीं कर रहा था। मुझे एहसास हुआ कि जेनिफर अभी भी अलमारी में रखे हुए पिछले साल के ही कपड़े पहने हुए हैं। हमें रेस्टोरेंट में खाने के लिए बाहर गए हुए काफी समय हो गया था। फिर अगले दिन मैं उठा और काम के सिलसिले में सोहराब मोदी के पास चला गया। लंबे संघर्ष के बाद 1959 में फिल्म गेस्ट हाउस में शशि को बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम करने का मौका मिला। इसके बाद उन्होंने फिल्म दूल्हा-दुल्हन और श्रीमान सत्यवादी में असिस्टेंट डायरेक्टर का काम किया, जिसमें लीड एक्टर उनके भाई राज कपूर थे। 1961 में फिल्म धर्मपुत्र में पहली बार शशि लीड एक्टर के रूप में बड़े पर्दे पर दिखे। किस्सा-8- घर चलाने के लिए बेचना पड़ा सामान प्रेम पत्र, चार दीवारी, मेंहदी लगी मेरे हाथ जैसी फिल्में करने के बाद शशि कपूर के करियर में डाउनफॉल भी आया था। रोमांटिक हीरो वाले रोल करने की वजह से वो टाइपकास्ट हो गए थे जिस वजह से उन्हें फिल्मों में काम मिलना बंद हो गया। कोई भी हीरोइन उनके साथ काम नहीं करना चाहती थी। ये दौर ऐसा था कि घर चलाने के लिए भी पैसे नहीं थे। शशि के बेटे कुणाल कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि आर्थिक तंगी से परेशान होकर शशि ने अपनी स्पोर्ट्स कार बेच दी। मां जेनिफर ने भी अपना कीमती सामान बेचना शुरू कर दिया था। किस्सा-9- बुरे वक्त में एक्ट्रेस नंदा बनीं मसीहा बुरे वक्त में एक्ट्रेस नंदा ने अपने दोस्त शशि कपूर की मदद की थी। नंदा ने उनके साथ फिल्म 'जब जब फूल खिले' में काम किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इसकी सफलता के बाद ही शशि का करियर फिर से पटरी पर आ गया था। किस्सा-10- पत्नी को खोने के बाद डिप्रेशन में चले गए थे शशि 1982 शशि के लिए बेहद मुश्किल साल था, जब उन्हें पता चला कि उनकी वाइफ को कोलन कैंसर है। इसके महज 2 साल बाद ही जेनिफर कैंसर से जंग हार गईं और उनका निधन हो गया। पत्नी की मौत के बाद शशि पूरी तरह टूट गए। खाने-पीने का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते थे, यही वजह थी कि उनका मोटापा बढ़ने लगा। घंटों अपने अपार्टमेंट में अकेले बैठे रहते थे, किसी से बात नहीं करते थे। इस तरह से वे डिप्रेशन में चले गए, जिससे कभी उबर नहीं पाए। एक इंटरव्यू में शशि के बेटे कुणाल ने बताया था- जेनिफर की मौत के बाद शशि कपूर पहली बार तब रोए जब एक बार गोवा के बीच से एक बोट लेकर गहरे समुद्र के बीच चले गए थे और चिल्लाते हुए घंटों रोए थे। वो अपने कमरे में भी घंटों चुपचाप बैठे रहते थे। जेनिफर के साथ उन्होंने 28 साल काटे, लेकिन उनके निधन के बाद 31 साल वो उनकी यादों के सहारे जिंदा रहे। उन्होंने खुद कहा था कि 31 सालों में कभी उनके मन में दूसरी शादी का ख्याल नहीं आया। शशि कपूर का लंबी बीमारी के बाद 2017 में 79 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## शशि कपूर

## शशि कपूर को क्यों मारना चाहती थी उनकी मां ? शशि कपूर को देखते ही पागल हो गई थी हॉलीवुड की हिरोइन हॉलीवुड में चलता था सिक्का!



## अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है एक्ट्रेस...





तमिल और मलयालम फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस अरुंधति नायर बीते 14 मार्च को केरल के कोवलम में हुए रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक्ट्रेस इस वक्त तिरुवनंतपुरम के एक हॉस्पिटल में एडमिट हैं। यहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है अरुंधति की बहन आरती नायर ने इस खबर की पुष्टि की। आरती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर बताया कि अरुंधति के सिर पर गंभीर चोट आई है। उन्होंने जिंदगी और मौत से जूझ रहीं एक्ट्रेस के फैंस से उनके लिए प्रार्थना करने की अपील की है। आरती ने लिखा- 'वो वेंटिलेटर पर संघर्ष कर रही हैं' आरती ने लिखा, %हमें तमिलनाडु के अखबारों और टेलीविजन चैनलों में छपी खबरों पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत महसूस हुई। यह सच है कि मेरी बहन अरुंधति नायर का तीन दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। वह गंभीर रूप से घायल हैं और वेंटिलेटर पर रहते हुए अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही हैं।% इस पोस्ट के कैप्शन में आरती ने लिखा, %हमें उसके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए आपकी प्रार्थनाओं और समर्थन की आवश्यकता है।% इस पोस्ट के कैप्शन में आरती ने लिखा, %हमें उसके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए आपकी प्रार्थनाओं और समर्थन की आवश्यकता है।%दोस्तों ने सोशल मीडिया के जरिए मांगी फाइनेंशियल हेल्प आरती के अलावा अरुंधति की दोस्त और एक्ट्रेस गोपिका अनिल ने भी सोशल मीडिया के जरिए फाइनेंशियल हेल्प मांगी है। इसके अलावा आरजे राम्या जोसेफ ने भी एक वीडियो शेयर कर लोगों से मदद करने की अपील की है। इसी बीच पुलिस ने इस एक्सीडेंट की जांच करना शुरू कर दी है। फिल्म %सैथन% के एक सीन में लीड एक्टर विजय एंटनी के साथ अरुंधति। फिल्म %सैथन% के एक सीन में लीड एक्टर विजय एंटनी के साथ अरुंधति। 'सैथन' में निभाया था लीड रोल अरुंधति 2016 में रिलीज हुई विजय एंटनी की फिल्म 'सैथन' में लीड रोल प्ले करके चर्चा में आई थीं। उन्होंने 2018 में मलयालम फिल्म 'ओट्टक्कोरु कैमुकन' ने डेब्यू किया था। उनकी आखिरी फिल्म 'पोर्कसुकल' पिछले साल रिलीज हुई थी।






बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और अभिनेता आदित्य रॉय कपूर ने रविवार को लैक्मे फैशन वीक (एलएफडब्ल्यू) के अंतिम दिन रैंप पर अपने जलवे दिखाए। इसका आयोजन फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से किया जा रहा है। जाह्नवी कपूर और आदित्य रॉय कपूर एकसाथ वॉक करते हुए नजर आए। प्रशंसक वॉक की खूब तारीफ कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर का लुक अप्सरा से कम नहीं लग रहा। अभिनेत्री ने वाइन कलर का फिशकट लहंगा कैरी किया। वहीं आदित्य रॉय कपूर ऑल ब्लैक लुक में काफी डेशिंग लग रहे थे। उनके लुक ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। जाह्नवी कपूर ने आईएएनएस के साथ बातचीत में शोस्टॉपर आउटफिट के बारे में बताया, श्आउटफिट एक फेयरी टेल की तरह महसूस होती है। इस ड्रेस पर हाथ से वर्क किया गया है, जो इसे और स्पेशल बनाता है। जाह्नवी कपूर ने अपनी आउटफिट के बारे में कहा, मैंने फिशकट लहंगा पहना, जिसमें हाथ से बहुत सुंदर वर्क किया गया है। इसमें शानदार कट दाना, टिकी वर्क और ब्लैक कढ़ाई है। इसमें क्रिस्टल का भी मिश्रण है। वहीं आदित्य रॉय कपूर ने आउटफिट के बारे में बात की कि इसके डिजाइन आधुनिक भारतीय पुरुषों के साथ कैसे मेल खाते हैं। अभिनेता ने ऑल ब्लैक पहनना चुना। उन्होंने पैंट और शर्ट के साथ क्रिस्टल वाला अचकन पहना था।

अभिनेता ने इसके अलावा कहा, जाह्नवी कपूर के साथ वॉक करना मेरे लिए वास्तव में एक मजेदार एक्सपीरियंस था! जाह्नवी कपूर का लुक अप्सरा से कम नहीं लग रहा। अभिनेत्री ने वाइन कलर का फिशकट लहंगा कैरी किया। वहीं आदित्य रॉय कपूर ऑल ब्लैक लुक में काफी डेशिंग लग रहे थे। उनके लुक ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। जाह्नवी कपूर ने आईएएनएस के साथ बातचीत में शोस्टॉपर आउटफिट के बारे में बताया, श्आउटफिट एक फेयरी टेल की तरह महसूस होती है।



## दुनिया भर में दमदार कलेक्शन!

बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन और आर माधवन की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म %शैतान' का जलवा बरकरार है. हर दिन देशभर में ये फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है. देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी %शैतान' का जमकर डंका बज रहा है. दुनियाभर में ये फिल्म बहुत पसंद की जा रही है. अजय देवगन की %शैतान' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब के बेहद करीब पहुंच चुकी है. जानिए 9वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ छाप डाले हैं. %शैतान' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा कर लिया था. पहले दिन मूवी का खाता 14.75 करोड़ रुपये से खुला था. इसके बाद फिल्म ने दूसरे दिन 18.75 करोड़, तीसरे दिन 20.5 करोड़, चौथे दिन 7.25 करोड़, पांचवें दिन 6.5 करोड़, छठवें दिन 6.25 करोड़ और सातवें दिन 5.75 करोड़ और 8वें दिन 4.50 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. अब इसके 9वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन और आर माधवन की %शैतान' ने दूसरे शनिवार को 8 करोड़ रुपये की कमाई की है. हालांकि, ये अर्ली एस्टीमेट है. ऑफिशियल डेटा आने के बाद कलेक्शन में थोड़ा-बहुत बदलाव हो सकता है. %शैतान' पिछले 9 दिनों में देशभर में टोटल 92.80 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है. इस तरह मूवी 100 करोड़ क्लब के बेहद करीब पहुंच चुकी है. अजय देवगन और आर माधवन की %शैतान' का जादू विदेशों में भी देखने को मिल रहा है. वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो कुछ दिनों पहले ही %शैतान' ने 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था. अब तक फिल्म की टोटल कमाई 125.02 करोड़ रुपये हो चुकी है. बताते चलें कि %शैतान' गुजराती फिल्म %वश' का हिंदी रीमेक है. इसमें ज्योतिका और जानकी बोदीवाली ने अहम भूमिका निभाई है. फिल्म में आर माधवन विलेन बने हैं और उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है. %शैतान' का निर्देशन विकास बहल ने किया है. चर्चा है कि %शैतान' की सक्सेस के बाद मेकर्स %शैतान 2' बनाने का प्लान कर रहे हैं. फिल्म 'योद्धा' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म की कहानी और स्टार कास्ट चर्चा में बनी हुई है। 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा का जबरस्त एक्शन अवतार देखने को मिला है। 'योद्धा' में दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म ने ओपनिंग डे पर कुछ खास कलेक्शन नहीं किया था। वहीं हर बढ़ते दिन के साथ इसकी कमाई में भी बढ़ोतरी हो रही है। अब इसके तीसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस फिल्म ने भारत में बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'योद्धा' को वीकेंड का जबरदस्त फायदा मिला है। सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर इस फिल्म की कमाई में तीसरे दिन उछाल देखने को मिला है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने पहले दिन भारत में 4.25 करोड़ रूपये की कमाई की है। दूसरे दिन 'योद्धा' ने 5.75 करोड़ रूपये की कमाई की है। ऐसे में ये फिल्म वीकेंड में और बेहतर कमाई कते हुए तीसरे दिन फिल्म ने 7 करोड़ रूपये कमा लिए। तीन दिनों में 'योद्धा' ने 16. 5 से ज्यादा की कमाई कर ली है। द नक्सल स्टोरी' की हालत बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत से ही बहुत खराब है।

## अमिताभ और कबीर की आवाज का क्रेज नौ दिन में एक हजार पर्यटकों ने देखा शो



ग्वालियर.। ग्वालियर किले पर चल रहे लाइट एंड साउंड शो देखने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शहर एवं बाहर के लोग शो देखने पहुंच रहे हैं। अभी देखा जाए तो महज नौ दिन में एक हजार पर्यटक शो देखने के लिए पहुंचे। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। वहीं विदेशी पर्यटकों की बात करें तो इनकी संख्या अभी तक छह है। अधिकारियों की माने तो अभी तक लगभग दो लाख रुपये की अर्निंग हो चुकी है। पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि लाइट एंड साउंड शो को शुरू से बहुत ज्यादा पसंद किया जाता रहा है और अब तो इसमें विजुअल कंटेंट आ जाने से यह और भी रोचक हो गया है। अभी भी इसकी ब्रांडिंग की जरूरत है, जिस पर काम होना चाहिए।

## पुलिस को देखकर ड्राइवर ने भगाई कार, कुछ दूर जाकर फरार, पुलिस ने जब्त की 36 पेटी शराब

लोकसभा चुनाव को लेकर ग्वालियर पुलिस बहुत एक्टिव है, अवैध कारोबारियों और तस्करों पर पुलिस की पैनी नजर है, पुलिस ने हथियार तस्कर और शराब तस्करों पर निगाह रखने के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत कर रखा है, जिसका परिणाम ये है कि पुलिस हथियार तस्कर और शराब तस्करों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है, इसी क्रम में पुलिस ने एक कार से 36 पेटी शराब जब्त है, हालाँकि आरोपी पुलिस को देखकर कार से उतरकर फरार हो गया। जब्त शराब की कीमत 1 लाख 39 हजार रुपये बताई गई है।

**कार में छिपाकर शराब ला रहा था तस्कर**-जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक आई 20 सफेद रंग की दिल्ली पासिंग कार अवैध शराब लेकर मोतीझील से नहर वाली रोड होकर आईटी पार्क से जलालपुर रोड पर आने वाली है। इस सूचना से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने एडिशनल एसपी क्राइम षियाड़ के.एम को थाना पुरानी छावनी पुलिस को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**पुलिस को कार भगाई, फिर छोड़कर फरार**-एडिशनल एसपी ने निर्देश पर सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार एक्शन में आये उन्होंने थाना प्रभारी पुरानी छावनी इंस्पेक्टर विनय सिंह तोमर को एक टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर



कार्यवाही के लिए भेजा। पुलिस टीम एक्टिव हो गई और सड़क पर तैनात हो गई, पुलिस टीम को कुछ देर बाद एक सफेद रंग की आई 20 कार आती दिखी जिसके आगे दिल्ली पास नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस टीम द्वारा आई 20 कार को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने पुलिस को देखकर कार को जलालपुर रोड तरफ लेकर भगा दिया

**पुलिस ने कार से जब्त की 1 लाख 39 हजार रुपये की शराब**-पुलिस टीम ने कार का पीछा किया, इस बीच मौका देखकर कार चालक थोड़ा आगे जाकर कार को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार क्रमांक DL xC BA 9735 को खोलकर चैक किया तो कार की पीछे वाली सीट एवं पैर रखने वाली जगह पर 13 पेटी में देशी लाल मदिरा (मसाला शराब) तथा 05 पेटी देसी प्लेन मदिरा (देसी शराब) की तथा कार की पीछे की डिग्गी मे 18 पेटी देशी लाल मदिरा (मसाला शराब) की कुल 36 पेटी शराब की रखी हुई मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया, जब्त शराब की कीमत 1 लाख 39 हजार रुपये बताई गई है , आरोपी फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## स्टार प्रचारकों का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए चार दिन पहले देना होगा आवेदन, प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा 10 हजार शुल्क

हर बार की तरह इस बार भी चुनाव आयोग बहुत सख्त है, खासकर चुनाव खर्च की सीमा को लेकर पहले से ही दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं साथ ही उन नियमों को भी प्रत्याशियों को याद दिलाया जा रहा है, ग्वालियर जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसी क्रम में एक आदेश जारी कर कहा है कि यदि कोई प्रत्याशी स्टार प्रचारक को हेलीकॉप्टर से प्रचार के लिए बुलाता है तो उसे चार दिन पहले इसके लिए आवेदन करन होगा साथ ही उसके लिए 10 हजार रुपये शुल्क देना होगा जो उसके चुनाव खर्च में शामिल किया जायेगाग्वालियर जिला प्रशासन ने भी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं, जिला निर्वाचन अधिकारी रोज आदेश जारी कर प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के लिए चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी दे रही है, ग्वालियर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के खुले मैदान को हेलीपैड के लिए अधिग्रहीत किया गया है कोई भी प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों को बुलाता है तो उसके लिए आवेदन चार दिन पहले देना होगा तभी स्टार प्रचारक का



हेलीकॉप्टर नीचे उतार पायेगा।

चार दिन पहले देना होगा आवेदन तभी उतर सकेगा स्टार प्रचारक का हेलीकॉप्टरकलेक्टर श्रीमती चौहान ने आदेश में स्पष्ट किया है कि हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर उतारने के लिए स्टार प्रचारक का नाम, आने का दिनांक, सभा स्थल एवं आने-जाने का समय सहित सम्पूर्ण कार्यक्रम संलग्न कर अपर जिला दण्डाधिकारी कार्यालयमें चार दिवस के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। साथ ही इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस थाना को भी देनी होगी। अधिग्रहीत स्थल पर अस्थायी हेलीपेड का निर्माण कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेगा, जिसके लिये प्रत्याशी को 10 हजार रुपये शुल्क जमा करना होगा , ये शुल्क प्रत्येक बार हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति पर लगेगा जो प्रत्याशी के चुनावी खर्च में शामिल किया जायेगा। साथ ही स्थल पर आदर्श आचार संहिता का भी पालन सुनिश्चित करना होगा। यह अनुमति ÷पहले आओ-पहले पाओ÷ सिद्धांत के आधार पर सभा दिनांक से 48 घंटे पूर्व जारी की जायेगी।शहर में ग्वालियर मेला मैदान में, ग्रामीण क्षेत्र में भी बनेंगे हेलीपैड कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के मकसद से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-160 के तहत हेलीपेड स्थल अधिग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने ग्वालियर शहर में ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के खुले मैदान को हेलीपेड के लिये अधिग्रहीत करने का आदेश जारी किया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में भितरवार, डबरा, मोहना, बेहट व मुख्तियारपुरा में हेलीपेड बनवाए जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित एसडीएम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर हेलीकॉप्टर उतरवाने की अनुमति प्राप्त की जा सकेगी।

## तीन आरक्षकों ने स्पा सेंटर में घुसकर युवतियों से की छेड़छाड़ व मारपीट, ग्वालियर पुलिस ने मुरैना से किया गिरफ्तार




अब इसे शराब का नशा कहें या फिर वर्दी का रौब..तीन पुलिस कर्मियों ने अपने ही महकमे को शर्मिंदा कर दिया है, मप्र पुलिस के तीन आरक्षकों ने एक स्पा सेंटर में घुसकर ना सिर्फ उत्पात मचाया, उन्होंने वहां मौजूद युवतियों से अश्लीलता की, अभद्रता की छेड़छाड़ करते हुए उनसे सेक्स की डिमांड की, इंकार करने पर उन्हें साथ ले जाने की कोशिश और फिर जब इसमें भी असफल हुए तो मारपीट कर धमकी देकर भाग गए, लेकिन पुलिस ने इन्हें कार नंबर के आधार पर खोज निकाला, तीनों मुरैना टैफिक पुलिस में पदस्थ हैं, ग्वालियर पुलिस इन्हें मुरैना से गिरफ्तार कर ले आई।

**स्पा सेंटर में घुसे तीन युवक मचाया उत्पात, युवतियों से की छेड़छाड़**-जानकारी के मुताबिक होली के अगले दिन एक कार में सवार तीन युवक विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के गोविन्दपुरी में स्थित एक स्पा सेंटर में घुस गए, वे वहां उत्पात मचाने लगे, वहां मौजूद युवतियों के साथ अश्लीलता छेड़छाड़ करने लगे, युवतियों ने जब विरोध किया तो तीनों उनके साथ मारपीट करने लगे, युवकों ने लड़कियों से सेक्स की डिमांड की उन्हें अपने साथ ले जाने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हुए और धमकी देकर भाग गए।

**स्पा सेंटर संचालिका ने की पुलिस में शिकायत**-घटना के बाद स्पा सेंटर संचालक अपने स्टाफ के साथ पुलिस थाने पहुंची और उन्होंने कहा कि तीन युवक स्पा सेंटर में आये थे , उन्होंने शर्त और खाकी पेंट पहनी हुई थी उन तीनों ने महिला स्टाफ के साथ अभद्रता की , मारपीट की सेक्स की डिमांड की, पुलिस ने शिकायत के बाद कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

**अश्लीलता करने वाले निकले पुलिसकर्मी**-पुलिस ने स्पा सेंटर एके बाहर और अन्दर लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किये फिर कार के नंबर से पुलिस ने उसकी पहचान की, उसकी रूट लोकेशन निकली तो मालूम चला कि घटना करने के बाद कार मुरैना गई जो मुरैना पुलिस में पदस्थ एक आरक्षक के नाम रजिस्टर्ड है, पुलिस ने जब उसे पकड़कर पूछताछ की तो मालूम चला कि शेष दो आरोपी उसी के साथी है और मुरैना पुलिसमें पदस्थ हैं , पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।ग्वालियर पुलिस ने किया गिरफ्तार, मुरैना ट्रैफिक **पुलिस में पदस्थ हैं तीनों आरक्षक** -एडिशनल एसपी षियाड़ के एम ने बताया कि तीनों आरोपी मुरैना ट्रैफिक पुलिस में पदस्थ हैं ग्वालियर पुलिस ने उन्हें मुरैना से गिरफ्तार किया है और मुरैना पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है, उन्होंने कहा कि आरक्षक मुरैना से ग्वालियर के स्पा सेंटर में क्यों पहुंचे, क्या वे नशे की हालत में थे ये सब जाँच का विषय है

## राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों को शर्तों के साथ आवंटित होंगे विश्राम गृह, नहीं कर सकेंगे बैठक, पत्रकार वार्ता



लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां गति पकड़ चुकी हैं, कुछ पार्टियाँ अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी हैं तो कुछ स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर चुकी है जबकि कुछ पार्टियाँ अभी तक पूरे प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाई है लेकिन निर्वाचन आयोग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है, जिला निर्वाचन अधिकारी भी अपने जिले में व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं।

**÷पहले आओ पहले पाओ÷ के आधार पर आवंटित होंगे विश्राम गृह** -इसी क्रम में ग्वालियर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार के लिये आने वाले विशेष श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों को जिले के विश्राम गृह शर्तों के साथ आवंटित किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि विश्राम गृह ÷पहले आओ पहले पाओ÷ के आधार पर आवंटित किया जायेगा।

## फाग गीतों पर झूमे मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर,बोले- कल सारी बुराई होली में दहन हो गई, पवैया के निवास पर भी होली की धूम

वालियर में भाजपा नेताओं के घर होली की धूम है, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने निजी निवास पर क्षेत्रीय लोगों और समर्थकों के साथ होली का आनंद लिया, उनके निवास के बाहर फाग गीतों का आयोजन किया गया जिसपर वे भी अपने समर्थकों के साथ जमकर झूमे, उधर पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया के निवास पर भी सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ रही है ।**फाग गीतों पर समर्थकों के साथ झूमें ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर** -मध्य प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कांच मिल हजीरा स्थित अपने निजी निवास पर होली का कार्यक्रम आयोजित किया, सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक और शुभचिंतक कार्यक्रम में शामिल हुए, यहाँ हर साल की तरह इस साल भी फाग गीतों का, होली गीतों का आयोजन किया गया जिसपर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने समर्थकों के साथ जमकर झूमे ।ऊर्जा मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कल सारी बुराई होली में दहन हो गई , ये गुलाल हम सबकी जिन्दगी में ऐसा ही भरा रहे ऐसी ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ , उनके निवास पर उमड़ी भीड़ के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये जनता का प्रेम है उनका आशीर्वाद है, उन्होंने कहा कि इस बार फिर कमल खिल रहा है और आंकड़ा 400 पार है।पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया के निजी निवास पर भी आज सुबह से लोगों का ताँता लगा हुआ है, लोग उन्हें होली की शुभकामनायें देने पहुंच रहे हैं, कुछ बुजुर्ग पवैया जी का यशगान करते भी इस दौरान करते दिखाई दिये

## पुलिस की होली में जमकर उड़ा गुलाल, रैंक भूलकर परिवार के साथ की मस्ती, एसपी बने सिंगर



ग्वालियर की डीआरपी लाइन में आज पुलिस की होली का खूब रंग जमा, 48 घंटों तक शहर की कानून व्यवस्था को शिद्दत से निभाने वाले पुलिस कर्मचारी- अधिकारी आज अलग ही मूड और मस्ती में दिखाई दिए, सबने पोस्ट और रैंक भूलकर एक दूसरे को गुलाल लगाया और गले लगाया, ढोल, नगाड़ों और डीजे की धुन पर डांस किया, यहाँ ग्वालियर एसपी धर्मवीर सिंह यादव सिंगर बने उन्होंने माइक हाथ में लेकर एक होली गीत सुनाया।

**ग्वालियर पुलिस की होली, जमकर उड़ाया गुलाल, मचाया धमाल** -जिले में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के बाद आज पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ होली की मस्ती की, पुलिस लाइन में रंग और गुलाल के साथ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी खूब धमाल मचाया, क्या सिपाही क्या अफसर सभी रंगबिरंगे गुलाल में एक से नजर **आ रहे थे।**

**एसपी धर्मवीर सिंह बने सिंगर , गाया :** राधा बरसाने में आ जइयो मस्ती और धमाल के बीच पुलिसकर्मी ठुमके लगा रहे थे, तो एसपी धर्मवीर सिंह यादव का अन्दर का सिंगर भी बाहर निकल आया उन्होंने मंच पर पहुंचकर माइक थामा और सुनाने लगे ङ्क बरसाने में आ जइयो.. बुलाई रही राधा प्यारी.. उनके गीत पर साथी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी साथ दिया।

**एसपी बोले ङ्क ऐसे आयोजनों से पुलिसिंग में मिलती है मदद** -मीडिया से बात करते हुए पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह यादव ने कहा कि यह ऐसा मौका होता है जहां पुलिस परिवार का हर सदस्य अपनी रैंक को छोड़कर एंजॉय कर सेलिब्रेशन करते हैं, यहीं से बॉन्डिंग बनती है, टीम भावना बनती है, जो आगे चलकर पुलिसिंग में काफी मददगार होती है, पुलिस में बहुत जरूरी है टीम भावना का होना। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश पुलिस होली के दो दिन शहर की सुरक्षा संभालती है और फिर होली के अगले दिन एक जगह इकट्ठा होकर पूरे परिवार के साथ होली खेलते हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478